




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 186 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 20 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 35 लाख, वापस मांगे तो दिखाने लगा पॉवर

**रायपुर।** खाद्य विभाग में निरीक्षक की नौकरी लगाने के नाम पर 35 लाख रुपये ले लिए गए। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर तीन लोगों को नियुक्ति पत्र भी दे दिया। जब प्रार्थी उसे लेकर ज्वाइन करने पहुंचे तब उन्हें इस बात का पता चला। इसके बाद अभनपुर थाने में आरोपी महेश्वर लाल सोनवानी पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज की धारा सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध कायम किया गया। घटना के बाद से आरोपी फरार है, पुलिस उसकी पतासाजी कर रही है। अभनपुर थाना क्षेत्र निवासी मुकेश कुमार देशलहरे, नरेन्द्र देशलहरे और यशवंत देशलहरे से आरोपी महेश्वर लाल सोनवानी ने ठगी की। आरोपी रिश्ते में साढ़ू भाई लगता है। प्रार्थी ने बताया कि महेश्वर सोनवानी खाद्य निरीक्षक के पद पर बेमेतरा में कार्यरत है। उसने घर में 2-3 वर्ष पूर्व आकर बताया कि अपने विभाग में खाद्य निरीक्षक के पद पर नौकरी लगवा देगा। उसकी बड़े-बड़े लोगों से जान पहचान है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 25-25 लाख रुपये देने होंगे। प्रार्थी ने चेक के माध्यम से आरोपी को दो लाख 40 हजार रुपए, इसके बाद सात लाख 60 हजार और नकदी 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद प्रार्थी के पिता की तबीयत खराब होने पर कुछ पैसे की मांग की गई। आरोपी ने 90 हजार रुपए वापस किए। इसके बाद आरोपी ने तीनों को नियुक्ति पत्र दे दिया। ज्वाइन करने पहुंचे तो पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। इसके बाद प्रार्थी ने आरोपी से पैसे की मांग की तो उसने दिसंबर 2022 में कहा कि दो महीने में पैसे दे देगा। समय बीतने के बाद भी पैसे नहीं दिए। जब पैसे की लगातार मांग की जा रही थी तो उसने धमकी दी कि उसकी मंत्रियों तक पहुंच है। उसका कोई कुछ नहीं कर सकता। इसके बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

### पत्नी से विवाद के लगा ली खुद को आग

**कवर्धा।** शहर में बीती रात एक युवक ने घरेलू विवाद के कारण खुद पर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा ली। आनन-फानन में स्वजनों ने कंबल से आग बुझाई और डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवक 35 प्रतिशत झुलस गया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के घोठिया गांव का है। युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। इलाज के लिए रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया है। युवक का नाम सालिक कौशिक है, जो घोठिया गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि गुरुवार-शुक्रवार दरम्यानी रात करीब एक बजे पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने अपनी जान देने घर में रखे मिट्टी तेल को खुद पर डाल लिया। पति को ऐसा करता देख पत्नी दूसरे कमरे में सो रहे स्वजनों को मदद के लिए बुलाने गई, तब तक पति खुद को आग लगा चुका था।

### मौसम विभाग ने दी राहतभरी खबर, अंधड़-बारिश के आसार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। अगले तीन-चार दिनों तक रायपुर सहित पूरे प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने के संकेत हैं। मौसम विभाग के अनुसार पाकिस्तान के ऊपर बने चक्रवाती घेरे के रूप में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके असर से बस्तर के एक-दो हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

# फिर नया अध्याय लिखेगा महासमुंद!

**■ भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है सत्ता और संगठन का साथ, कांग्रेस में सामाजिक राजनीति हावी**

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क



**रायपुर।** कभी विद्याचरण शुक्ल, श्यामाचरण शुक्ल और अजीत जोगी जैसे नेताओं का भाग्य तय करने वाला महासमुंद क्षेत्र एक बार फिर नया अध्याय लिखने जा रहा है। भाजपा ने यहां से पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है, जो पहली बार संसदीय चुनाव मैदान में है, वहीं कांग्रेस ने साहू समाज की बाहुल्यता के मद्देनजर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पर दाँव खेला है, जो दुर्ग जिले से आते हैं। इस लिहाज से महासमुंद लोकसभा के लिए दोनों नेता नए हैं। जो भी जीतेगा, दिल्ली की राजनीति में उसका कद बढ़ना तय है। विधायक, मंत्री और सांसद जैसे पदों पर रह चुके ताम्रध्वज साहू के पास राजनीति का लम्बा अनुभव है, जबकि रूपकुमारी भी ग्रामीण राजनीति से निकलकर विधायक के पद तक पहुंची। उनके साथ एक सकारात्मक बात यह है कि वे जिला संगठन की अध्यक्ष हैं। यानी पूरा संगठन उनके साथ है। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ ऐसी स्थिति नहीं है।

छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को महासमुंद में मतदान होना है। इसके लिए प्रत्याशी अपने-अपने स्तर पर खूब जोर-आजमाइश कर तो रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला यहां भाजपा व कांग्रेस के ही बीच है। इस सीट ने ज्यादातर कांग्रेस प्रत्याशी पर भरोसा जताया है, लेकिन पिछले 3 चुनावों से यहां भाजपा को जीत मिल रही है। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या कांग्रेस अपने इस पुराने किले को भेद पाएगी? दरअसल, स्थानीय स्तर पर कांग्रेस के टिकट वितरण को लेकर नाराजगी देखी गई थी। यह नाराजगी इसलिए थी क्योंकि पार्टी ने जिस ताम्रध्वज साहू को उम्मीदवार घोषित किया, वे दुर्ग जिले आते हैं। भले ही कांग्रेस ने बड़े चेहरों को टिकट देने की अपनी योजना के तहत ताम्रध्वज को महासमुंद से उतारा, लेकिन कहीं न कहीं टिकट वितरण का आधार क्षेत्र का ओबीसी बाहुल्य होना और उस पर भी साहू समाज की संख्या अधिक होना रहा। महासमुंद क्षेत्र को बड़ा नेता बनाने वाला क्षेत्र माना जाता है। इस आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र को बड़े नेताओं की पैदाइश भी कहा जाता है।

### 19 में से 12 बार जीती कांग्रेस

1952 में हुए पहले संसदीय चुनाव से लेकर अब तक महासमुंद में कुल 19 चुनाव हुए हैं, जिनमें से 12 बार कांग्रेस को जीत मिली। शायद यही वजह है कि महासमुंद को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। लेकिन पिछले 3 चुनावों से लगातार यहां भाजपा को जीत मिल रही है। अलग राज्य बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने 2004 में इस सीट पर आखिरी बार कांग्रेस के लिए जीत हासिल की थी। उसके बाद 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा जीती। फिलहाल ताम्रध्वज साहू के समक्ष यह सबसे बड़ी चुनौती है कि वह महासमुंद को एक बार फिर कांग्रेस की झोली में डालें। इतिहास की बात करें तो 1952 से 1971 तक इस सीट से लगातार कांग्रेस को जीत मिली। इसके बाद जनता पार्टी और जनता दल के उम्मीदवार भी सांसद बने। 2009 और 2014 के चुनाव में भाजपा के चंदूलाल साहू विजयी रहे तो 2019 के पिछले चुनाव में चुन्नीलाल साहू ने जीत हासिल की।

### काँटे की टक्कर के आसार

क्षेत्र में इस बार कड़े मुकाबले के आसार हैं। अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ के संसदीय चुनावों में कांग्रेस का जनाधार कमजोर रहा है, लेकिन इस बार पार्टी के नेताओं को भरोसा है कि कांग्रेस ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब रहेगी। खासकर महासमुंद सीट को लेकर कांग्रेस के आला नेता भी आशान्वित हैं। राजनीतिक विश्लेषक इसके पीछे कई तरह के तर्क भी देते हैं। उनका कहना है कि साहू समाज से प्रत्याशी उतारना कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक हो सकता है। वहीं भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी के पास राजनीतिक और सामाजिक अनुभव ज्यादा है। नामांकन दाखिले के वक्त जब दोनों दलों के प्रत्याशी आमने-सामने हुए थे तो भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी ने कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पैर छूकर आशीर्वाद मांगा था। कहा जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी ने इस घटनाक्रम के जरिए यह स्वीकार किया कि ताम्रध्वज साहू उनसे ज्यादा अनुभवी हैं। हालांकि भाजपा के लोग इसे बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने की संस्कृति और परंपरा से जोड़ते हैं।

### कुछ ऐसा है जातीय समीकरण

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के जातिगत समीकरण की बात करें तो इस सीट पर 51 फीसद वोटर्स ओबीसी वर्ग के हैं। इनमें साहू, कुर्मी, यादव, अघरिया, और कोलता समाज की बहुलता है। वहीं अनुसूचित जनजाति के मतदाता करीब 20 फीसद हैं, तो अनुसूचित जाति के मतदाता करीब 11 फीसद हैं। साथ ही अनारक्षित वर्ग के करीब 12 फीसद मतदाता हैं। आंकड़े देखने से साफ पता चलता है कि महासमुंद लोकसभा सीट अन्य पिछड़ा वर्ग बहुल है। यहां का फैसला भी इसी वर्ग के हाथ में है। वहीं, इस लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 17,59,181 हैं. जिनमें 8,65,125 पुरुष और 8,94,023 महिला मतदाता हैं। 33 तृतीय लिंग मतदाता हैं। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाता 28,898 अधिक हैं। अब तक देखने में आता रहा है कि वोट करने में शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक उत्साहित महिलाएं ही रहती हैं। महिलाएं लंबी-लंबी कतार में घंटों लगकर वोट डालने पहुंचती हैं। वहीं महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों की कतार कम ही रहती है। भाजपा ने इस बाद महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है, ऐसे में देखना होगा कि रूपकुमारी को महिलाओं का साथ कितना मिलता है।

### भाजपा के साहू जीते तो कांग्रेस ने साहू को उतारा

भाजपा ने इस सीट पर अब तक सिर्फ 3 बार जीत हासिल की है और तीनों बार पार्टी के साहू प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। पिछला चुनाव चुन्नीलाल साहू जीते तो उसके पहले के दो चुनाव में चंदूलाल साहू ने विजयी परचम लहराया। भाजपा के साहू प्रत्याशियों की जीत के ही मद्देनजर कांग्रेस ने इस सीट पर ताम्रध्वज साहू पर दाँव खेला है। गौरतलब है कि भाजपा ने इस सीट पर पहले ही रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। ऐसे में कांग्रेस ने यहां बड़ा सामाजिक दांव चलते हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को उतारा। ताम्रध्वज, साहू समाज का बड़ा चेहरा रहे हैं और 2014 में मोदी लहर के बावजूद दुर्ग सीट से कांग्रेस का परचम लहराने में कामयाब रहे थे। पार्टी ने सांसद रहते हुए ही उन्हें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था। सरकार बनने के बाद वे कांग्रेस का सीएम चेहरा भी थे, लेकिन बाद में नंबर दो माने जाने वाले गृहमंत्री बनाए गए।

### संघ से जुड़ाव, संगठन पर मजबूत पकड़

भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद चुन्नीलाल साहू का टिकट काटकर जिस रूपकुमारी चौहान को प्रत्याशी बनाया है, वे अघरिया समाज से आतीं हैं। दो बार जिला पंचायत की सदस्य रहने के अलावा वे बसपा विधानसभा से विधायक भी रह चुकीं हैं। फिलहाल जिला भाजपा की अध्यक्ष हैं। रूप कुमारी चौधरी 2005 में पहली बार जिला पंचायत सदस्य बनीं थी। 2006 में भाजपा की कार्यकारिणी सदस्य बनीं। 2010 में जिला पंचाचयत की दोबारा सदस्य निर्वाचित हुईं। 2011 में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री का पद संभाला। 2013 में बसना विधानसभा से चुनाव लड़ा और कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह को हराकर पहली बार विधायक निर्वाचित हुईं। 2015 से 2018 तक संसदीय सचिव रहीं। 2014 में भाजपा की प्रदेश मंत्री बनाई गई। रूप कुमारी चौधरी आरएसएस से भी जुड़ी हुई है। संगठन में उनकी अच्छी पकड़ है। 2018 में उनकी टिकट काटकर दुर्गाचरण पटेल को टिकट दिया गया। पर वे भी जीत हासिल नहीं कर सके और भाजपा तीसरे नंबर पर रही। नवंबर 2019 से अब तक रूप कुमारी चौधरी महासमुंद जिला भाजपा अध्यक्ष के पद पर है। 2023 के विधानसभा में भी उन्होंने टिकट की मांग की थी। पर उन्हें विधानसभा की टिकट नहीं दी गई सीधे लोकसभा की दी गई है।

## अशोका बिरयानी के दरवाजे पर शव रखकर किया प्रदर्शन, परिजनों को 45 लाख और आजीवन 15 हजार देगा होटल प्रबंधन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभांडी में संचालित अशोका बिरयानी सेंटर गटर साफ करने के दौरान दो कर्मचारियों के मौत मामले में स्वजनों को 45 लाख रुपए मुआवजा के साथ जीवनभर 15-15 हजार रुपए प्रतिमाह देगा। दरअसल, घटना के दूसरे दिन देर रात जमकर हंगामा हुआ। स्वजनों ने होटल के दरवाजे पर दोनों लाशें रखकर नारेबाजी की। वहीं रात करीब नौ बजे विधायक मोतीलाल साहू भी धरने पर बैठ गए। विरोध के बाद देर रात तेलीबांधा पुलिस ने अशोका बिरयानी सेंटर प्रबंधन पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस द्वारा एमडी केके तिवारी, सीईओ सनाया तिवारी, जीएम रोहित चंद, ब्रांच मैनेजर रोमिना मंडल पर धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया है। जीएम रोहित चंद व बीएम रोमिना मंडल पत्रकारों से मारपीट के मामले में पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं प्रदर्शन कर रहे स्वजनों से मिलने देर रात गृह मंत्री विजय शर्मा अशोका बिरयानी सेंटर पहुंचे। उन्होंने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रीशियन नीलकमल कुमार पटेल और डेविड साहू की गटर साफ करने के दौरान गुरुवार को मौत हो गई थी। मौत का कारण जहरीली गैस बताया गया है। बिरयानी सेंटर प्रबंधन ने स्वजनों सही जानकारी नहीं दी थी। इस पर शुक्रवार को क्रांति सेना और साहू समाज दोपहर 12 बजे से धरने पर बैठ गए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई मांग के साथ ही स्वजनों ने एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की। आरोप है कि प्रबंधन ने दोनों पर दबाव बनाया था, इसलिए विवश होकर उतरे और उनकी जान चली गई। मृतक के स्वजन शवों को सुरक्षित रखने के लिए अपने साथ फ्रीजर भी लाए थे। प्रबंधन पर सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने का भी आरोप लगाया गया है। हादसे के बाद अशोका बिरयानी की सभी ब्रांच को तीन दिनों के लिए सील कर दिया गया है। स्टेशन रोड, पचपेड़ी नाका, लाभांडी महोबा बाजार और रायपुरा वाली ब्रांच पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। साथ ही नोटिस देकर प्रबंधन से तीन दिनों में जवाब मांगा है। कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कहा कि जांच में पाया गया कि कई ब्रांचों के गुमास्ता लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी है। कुछ जगहों पर साफ-सफाई संबंधी समस्याओं के कारण इन्हें सील कर दिया गया।

मृतक डेविड साहू की बहन खुशी साहू ने बताया कि घटना के बाद अशोका बिरयानी वालों की ओर से फोन कर कहा कि गया कि आपके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। इसके कुछ देर बाद बताया गया कि आपके भाई का पैर फिसल गया और वह गटर में गिर गया है। वे लगातार गुमराह करते रहे। खुशी ने आगे कहा कि घटना का वीडियो सामने आया है। जब दोनों को बाहर निकाला गया। एक की मौत हो चुकी थी। दूसरा बेहोशी की हालत में था। होटल वाले 20 मिनट तक उसे इधर से उधर करते रह गए। उसका इलाज नहीं करवाए। प्रबंधन की लापरवाही ने भाई की जान ले ली। मृतक नीलकमल कुमार पटेल (30) जांजगीर चांपा निवासी के भाई दिनेश पटेल ने बताया कि नीलकमल अशोका बिरयानी सेंटर में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। बावजूद उसे जबरन गटर में उतारा गया। घटना के बाद होटल प्रबंधन ने उसे लगातार गुमराह करते हुए मौत की अलग-अलग वजह बताई। नील का डेढ़ साल का बच्चा भी है। अब प्रबंधन इस मामले को ठंडे बस्ते में डालना चाहता है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोप, दर्ज है मामला

इधर, अशोका बिरयानी के संचालक कृष्णकांत तिवारी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने के मामले में डीडीनगर थाने में अपराध दर्ज है। मुंबई निवासी रितु शर्मा की शिकायत के अनुसार उन्होंने अपने दादा के नाम पर जमीन खरीदी थी। उसके फर्जी दस्तावेज कर रजिस्ट्री कराने को लेकर तीन वर्ष पूर्व रिपोर्ट दर्ज कराई है। रितु ने पत्रकारवार्ता में बताया कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने कृष्णकांत की जमानत खारिज कर दी है। इसके बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। रितु ने कृष्णकांत द्वारा गुंडों से पिटाई कराने का भी आरोप लगाया है। वहीं, दो युवकों की मौत के बाद कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार अशोका बिरयानी के कर्मचारी रोमिना मंडल, नेहा मोडेकर उर्फ भूरी, लोकेश्वरी विश्वकर्मा, आकाश मानिकपुरी, मनीष मिश्रा और रोहित चंद्रा को पुलिस ने एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## कबाड़ियों पर भी करें थोड़ी मेहरबानी

श्रीकंचनपथ न्यूज




कबाड़ का धंधा देखने-सुनने में भले ही घटिया दर्जे का प्रतीत होता हो परन्तु इससे न तो इसका महत्व कम हो जाता है और न ही इसकी कमाई पर कोई फर्क पड़ता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अकेले भारत में प्रतिवर्ष 27.7 करोड़ टन से अधिक कबाड़ निकलता है। आम तौर पर कबाड़ को या तो फेंक दिया जाता है या फिर कहीं पर छोड़ कर भुला दिया जाता है। शहर की हर दूसरी डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान के आसपास गाड़ियों का ऐसा कबाड़ सालों से पड़े हुए देखा जा सकता है। गाड़ियों के कबाड़ का 99 प्रतिशत हिस्सा रीसाइक्लेबल होता है। इसके अलावा इसके कई पुर्जे बतौर स्पेयर पार्ट्स काम आ जाते हैं। यह एक विशाल व्यापार है जिसमें कभी-कभी कबाड़ की मुंहमांगी कीमत भी मिल जाती है। इसका एक ही साइड इफेक्ट है पुलिस। पुलिस कभी भी कबाड़ियों के यहां छापेमारी कर सकती है। कबाड़ का माल जब्त हो सकता है और उसे छोटे कबाड़ी से बड़े कबाड़ी के कब्जे में जाना पड़ सकता है। वैसे देश में सर्वाधिक कबाड़ पैदा करने का रिकार्ड भी पुलिस का ही है। पुलिस की मजबूरी है कि अपराध या दुर्घटना में शामिल वाहनों एवं अन्य सामग्रियों को जप्त कर वह मालखाने में रखे। छोटा-मोटा सामान तो मालखाने में रखा जा सकता है पर गाड़ियां उन थानों में खड़ी कर दी जाती हैं जहां थाना परिसर बड़ा हो। कुछ थानों की छतों पर जब्त साइकिलों के अंबार लगे होते हैं। पुलिस वाले हंसी-ठिठोली में यहां तक कह देते हैं कि छत पर कबाड़ पड़ा हो तो थाना ठंडा रहता है। गाड़ियां यहां खड़े-खड़े सड़ जाती हैं। टायर गल जाते हैं, पहिए जमीन में धंस जाते हैं। इंजन बैठ जाता है, बॉडी सड़ जाती है। जब तक केस का निपटारा होता है गाड़ियां इस हालत में नहीं होतीं कि उन्हें पहचाना भी जा सके। पिछले कई सालों से देश स्वच्छता मोड में है। पर स्वच्छता का मतलब केवल गली मोहल्लों की सफाई या जल स्रोतों की सुरक्षा नहीं है। स्वच्छता का मतलब यह भी है कि कबाड़ इकट्ठा न हो। प्रतिवर्ष देश में लाखों वाहन बिकते हैं। लगभग इतनी ही संख्या में गाड़ियां कबाड़ भी होती हैं। पर इस कबाड़ का करना क्या है, इसकी चर्चा कहीं नहीं होती। पिछले साल रायपुर के ग्राम धनेली में प्रदेश का पहला रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर प्रारंभ किया गया। मेटल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित यह उद्यम प्राथमिकता सूची में होगा। यह भी तय किया गया कि पुराने वाहन को यहां कबाड़ में बेचने वालों को नए वाहन की खरीदी में 25 प्रतिशत तक कर रियायत दी जाएगी। इसमें यह व्यवस्था भी की गई कि मासिक, त्रैमासिक टैक्स पटाने वाले वाहनों पर यदि टैक्स बकाया हो तो एक साल तक का टैक्स माफ कर दिया जाएगा। पर यह व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरा है। आवश्यकता है कबाड़ियों को इससे जोड़ कर कलेक्शन सेंटर बनाने की।




## संपादकीय

# युद्ध की भड़कती आग

> अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात बढ़ती रही, तो ईरान-इजरायल का यह तनाव कब पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। ईरान और इजरायल जिस राह पर निकल पड़े हैं, वह युद्ध और विनाश की ओर ही जाता है। इस महीने की शुरुआत से ही दोनों देशों से 'हमला' और 'बदला' जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं।

एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ, तो इसका आरोप इजरायल के मत्थे मढ़ा गया। दो हफ्ते बीतने से पहले ही ईरान ने उसका बदला लेने के लिए हमला बोल दिया। उसने इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजरायल ने दावा किया कि उसने ज्यादातर मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचने से बहुत पहले ही नष्ट कर दीं। नुकसान शायद बहुत ज्यादा नहीं था, लेकिन यह उसके सम्मान पर बहुत बड़ी चोट थी। पिछले तीन दशक में किसी देश ने पहली बार इजरायल की धरती पर इस तरह से बमबारी की जुर्रत की थी। इस शुक्रवार को इजरायल ने इसका बदला ले लिया। इजरायल के वमवर्षक ड्रोन ईरान की ओर उड़े और उसके सैन्य शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में कहा जाता है कि इसी जगह पर ईरान अपना परमाणु बम विकसित कर रहा है। इसके अलावा, यह ईरानी फौज का सबसे बड़ा बेस भी है।

यह हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात कही गई है। हालांकि, ईरान और इजरायल, दोनों ने ही इसे कमतर दिखाने की कोशिश की है। तेहरान ने कहा है कि कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, जबकि इजरायल ने आश्वस्त किया है कि यह हमला ईरान के परमाणु केंद्र पर नहीं था। वैसे मामला हमले के बड़े या छोटे होने का नहीं है, मामला पश्चिम एशिया में और खासकर इन दोनों देशों के बीच उस तनाव का है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। अतीत में भी इजरायल एक बार ईरान के इसी शहर पर हमला कर चुका है, लेकिन इस बार तनाव बहुत ज्यादा है, इसलिए आशंकाओं की भरमार भी दुनिया को सिहरन दे रही है। अभी ईरान की तरफसे एक बयान यह भी आया है कि फिलहाल इस हमले का बदला लेने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन आम धारणा यही है कि बदला देर-सवेर लिया ही जाएगा। अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात चलती रही, तो पश्चिम एशिया का यह तनाव कब पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले चंद रोज में गाजा में जिस तरह का मानवीय संकट खड़ा हुआ है, इजरायल इन झड़पों के चलते उससे दुनिया का ध्यान हटाने में जरूर कामयाब रहा है।

पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में जैसे तनाव दिख रहे हैं और जिस तरह के खतरे खड़े हो रहे हैं, उसके सामने पूरी दुनिया महज तमाशबीन बनी दिख रही है। खासकर जिनको हम महाशक्तियां कहते हैं, वे मौन हैं। रूस यूक्रेन के साथ लड़ाई में उलझा हुआ है। चीन अपनी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव है और ऐसे मौके पर कोई यह मानने को तैयार नहीं कि वह पश्चिम एशिया में निष्पक्ष भूमिका निभा सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की अपनी सीमाएं हैं और अक्सर वह ऐसे युद्धों को रोकने में कारगर नहीं हो पाता। बड़ी समस्या यह नहीं है कि इजरायल-ईरान का तनाव बढ़ रहा है और कभी भी आग के भड़क उठने की आशंकाएं हैं, समस्या यह है कि यह सब ऐसे मोड़ पर हो रहा है, जहां पहुंचने के लिए समझदारी के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

# आंप्र. चुनावी समर में नायडू ने रेड्डी को ललकारा

वी चंद्रकांत, वरिष्ठ पत्रकार

आंध्र प्रदेश में इन दिनों कुछ ज्यादा ही राजनीतिक सरगर्मी है, क्योंकि लोकसभा के साथ विधानसभा के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने साल 2022 में ही महसूस कर लिया था कि साल 2024 के चुनाव में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। जगन साल 2019 के विधानसभा चुनाव में 175 विधानसभा सीटों में से 151 सीटें जीतकर सत्ता में आए थे। मौजूदा तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने 23 सीटें जीती थीं। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने सिर्फ एक सीट के साथ विधानसभा में अपना कदम रखा था। बाकी पार्टियों जैसे भाजपा, कांग्रेस, भाकपा और माकपा को कोई सीट नहीं मिली थी। साल 2014 के चुनाव में राज्य के लोगों ने राज्य को मुश्किल हालात से बाहर निकालने के लिए चंद्रबाबू नायडू के अनुभव पर भरोसा किया था। उसके बाद जगन ने समय रहते नायडू की नाकामियों के खिलाफ लोगों में बढ़ते गुस्से को महसूस किया और अपने तमाम चुनावी वादों को सिर्फएक नारे- 'एक मौका' में समेट दिया। 'वन चांस' की अपील काम कर गई, लेकिन जगन भी वादे के मुताबिक, विशेष रूप से पोलावरम परियोजना को पूरा करने में नाकाम रहे। वह राजधानी पर अपनी बात नहीं रख सके। जगन ने न केवल अवैज्ञानिक तरीके से और लोगों के विरोध की परवाह किए बिना जिलों का पुनर्गठन किया, बल्कि तीन राजधानियों का प्रस्ताव भी सामने रखा, कार्यकारी राजधानी के रूप में विशाखापत्तनम, विधायी राजधानी के रूप में अमरावती और न्यायिक राजधानी के रूप में कुरनूल। हालांकि, इन मुद्दों पर जनता की राय बंटी हुई है। दूसरी ओर, विशाखापत्तनम के संसाधनों का अंधाधुंध दोहन भी लोगों को रास नहीं आ रहा है। राज्य में कल्याण योजनाओं, वितरण व्यवस्था से कोई शिकायत नहीं हो सकती है, पर बाकी सब कुछ समीक्षा के दायरे में आ गया है। भूमि, रेत और शराब कारोबार इत्यादि ने भ्रष्टाचार के आरोपों का मार्ग प्रशस्त किया, जगन का कर्मचारी विरोधी रवैया और विरोधियों के खिलाफ कानून और व्यवस्था के दुरुपयोग ने उनकी छवि को कुछ हद तक नुकसान पहुंचाया है। उनके चाचा वाई एस विवेकानंद रेड्डी की हत्या पर उनकी चुप्पी से भी उनकी सार्वजनिक छवि पर असर पड़ा है।

ऐसे में, चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के लिए अवसर बन आया है। दोनों ने गठबंधन कर लिया है। पवन कल्याण अपने विरोधियों द्वारा व्यक्तिगत हमलों से अधिक नाराज हैं। जब भी वह जगन की आलोचना करते हैं, जगन की पार्टी के लोग उनकी शादियों पर उंगली उठा देते हैं, जबकि यह गैर-जरूरी है। जहां तक भाजपा की बात है, तेदेपा के साथ उसका प्यार और नफरत का रिश्ता जगजाहिर है। नायडू स्वयं निश्चिंत नहीं थे कि भाजपा में उनका स्वागत किया जाएगा या नहीं, लेकिन उन्होंने तालमेल के लिए अपने अहंकार को किनारे रख दिया है। वैसे, भाजपा राज्य में पुख्ता पैठ बनाने में विफल रही है और अंततः उसने पवन कल्याण और उनके माध्यम से तेदेपा से हाथ मिलाना पसंद किया है। राज्य में अभी मुख्यमंत्री जगन की बहन शर्मिला रेड्डी की हिस्सेदारी कम है, जो अब आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की प्रमुख हैं, वह केवल तेदेपा-जेएसपी-भाजपा की संभावनाओं को ही थोड़ा प्रभावित करेंगी।

कुल मिलाकर, आंध्र प्रदेश में चुनाव की यही पृष्ठभूमि है। मोटे तौर पर रेड्डी, ईसाई और मुस्लिम समुदाय जगन मोहन रेडड्ी के साथ हैं। कापू काफी हद तक पवन कल्याण के साथ हैं। कम्मास और अन्य तेदेपा के साथ हैं। एक मजबूत मछुआरा समुदाय भी है, जो जिलेवार विभाजित होकर वोट देता आया है। साल 2024 का चुनाव आंध्र प्रदेश में कांटे की लड़ाई बन गया है। सोशल मीडिया भी इस हद तक बंटा हुआ है कि अमेरिका और यूरोप के अनेक शहरों से भी हेट-जगन या हेट-नायडू अभियान चलाए जा रहे हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था की नाकामी, दलितों पर हमले और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे विपक्षी खेमे तक सिमटे दिखते हैं। अब सब 13 मई के इंतजार में हैं, जब राज्य का भाग्य ईवीएम में कैद होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

नजरिया

# सियासत में सर्वेक्षणों पर कितना भरोसा

**सर्वेक्षणों की गुणवत्ता के लिए प्रयास किए जा सकते हैं। हार-जीत वाले सारे सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध भले न लगाया जाए, पर पारदर्शिता को अवश्य अनिवार्य बनाया जाना चाहिए।**

संजय कुमार, प्रोफेसर, सीएसडीएस




चुनावी मौसम में सर्वेक्षणों की बहार आ जाती है और यह सवाल पैदा हो जाता है कि चुनावी सर्वे पर लोगों को कितना भरोसा करना चाहिए? यहां सवाल यह भी है कि भरोसा आप किसे कहते हैं? अगर आप इन चुनावी सर्वेक्षणों से यह अनुमान लगाना चाहते हैं कि 4 जून को जब वोटों की गिनती होगी, तब कौन-सी पार्टी जीतेगी और कौन-सी पार्टी नंबर दो या तीन रहेगी, तो आप गलत हैं। वास्तव में, ऐसे सर्वे मौसम के पूर्वानुमान की तरह ही हैं। अनुमान अतीत और वर्तमान की स्थितियों को देखते हुए लगाया जाता है, जरूरी नहीं कि मौसम का पूर्वानुमान हमेशा सही साबित हो, ठीक इसी तरह से जरूरी नहीं कि चुनावी सर्वेक्षण द्वारा लगाया गया अनुमान भी हर बार सही साबित हो। अतः सर्वे को पढ़ने-जानने का सही तरीका समझना चाहिए।

कोई भी सर्वेक्षण अपनी सीमा में एक अनुमान भर लगा सकता है, उसका सौ फीसदी सही होना जरूरी नहीं है। यही मानना चाहिए कि जिस वक्त सर्वे किया गया, उस वक्त लोगों की प्राथमिकताएं क्या थीं और जरूरत के हिसाब से प्राथमिकताएं बदलती रहती हैं।

पहले के चुनावी सर्वे कुछ ज्यादा सटीक होते थे, क्योंकि पहले सर्वे करने वाले कम लोग होते थे और वे सर्वे की तकनीक-तरीकों पर ज्यादा ध्यान देते थे। जैसे-जैसे सर्वेक्षणों की मांग बढ़ने लगी, वैसे-वैसे बहुत सारे लोग सर्वेक्षण के क्षेत्र में आ गए। बहुत से सर्वेक्षणकर्ता यह भी नहीं जानते कि सर्वे कहते किसको हैं? सैंपलिंग कैसे की जाती है, प्रश्नपत्र कैसे बनाया जाए, साक्षात्कार कैसे लें, आंकड़े कैसे एकत्र करें, तो अब बहुत शॉर्टकट आ गए हैं। तमाम तरह के ऐसे लोग भी आ गए हैं, जो सर्वे की सही विधि नहीं जानते और न उसे समझने की कोशिश करते हैं। इसी वजह से आजकल ढेर सारे सर्वे प्रकाशित होते हैं और उनमें से बहुत से बहुत हल्के होते हैं।

यहां मैं वाहन चालन का उदाहरण दे सकता हूं। 30 साल पहले दिल्ली में गाड़ी चलाने वालों की संख्या कम थी। गाड़ी वही लोग चलाते थे, जो विधिवत इसका प्रशिक्षण लेकर आते थे। लोग मानते थे कि जब तक मैं सही ढंग से चलाना सीख न लूं, गाड़ी लेकर सड़क पर नहीं उतर सकता। जब टैक्सी की मांग बढ़ी, चालकों की मांग बढ़ी, तब ऐसे लोग भी वाहन चलाने उतर आए, जो ठीक से प्रशिक्षित नहीं हैं। जब दुनिया में अप्रशिक्षित लोग बड़ी संख्या में आ जाते हैं, तब सर्वेक्षण हो या सड़क, दुर्घटना की गुंजाइश बढ़ जाती है।

इधर कुछ सर्वे में तो जोड़-घटाव के स्तर पर भी त्रुटि देखी गई है, स्थिति हास्यास्पद बनी है और सबसे बड़ी बात कि इससे सर्वेक्षण की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। जब आप सर्वेक्षण की तकनीक से वाकिफ ही नहीं हैं, तो ऐसी गलतियों को आप रोक नहीं सकते।

हां, सर्वे को 'मैनेज' किया जा सकता है। मतलब, आंकड़ों में उलट-फेर किया जा सकता है। अपने देश में अक्सर हम चर्चा करते रहे हैं कि कॉलेज न भी जाएं, तब भी मनचाही डिग्री मिल जाती है। आप कॉलेज में हाजिरी न भी लगाएं, तो आपकी उपस्थिति को 'मैनेज' किया जा सकता है। आंकड़ों या सर्वेक्षण में भी किसी राजनीतिक पार्टी के पक्ष या विरोध में हेरफेर संभव है। इन्हीं वजहों से लोगों की सर्वेक्षण पर आस्था कम हुई है। यह सच है कि लोग सर्वेक्षणों को देखना-पढ़ना चाहते हैं, पर उन्हें पूरा भरोसा नहीं होता है।

हम अभी भूले नहीं हैं कि साल 2004 के लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले हुए सर्वेक्षणों का मजाक उड़ाया गया था। चुनाव पूर्व सर्वे ही नहीं, एग्जिट पोल तक गलत निकले थे। 'शाइनिंग इंडिया' का खूब हल्ला था, तय लग रहा था कि भाजपा के नेतृत्व में गठबंधन वापसी कर लेगा, पर कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनी। सर्वेक्षण करने वालों को तगड़ा झटका लगा था। लोग पूछने लगे थे कि सर्वे कैसे किया गया?

वैसे, केवल भारत ही नहीं, दूसरे देशों में भी सर्वेक्षण हमेशा सही नहीं होते हैं। हां, जिन देशों में दो दलीय व्यवस्था या कम सियासी पार्टियां हैं, वहां सर्वेक्षण अपेक्षाकृत आसान हैं और उनका आकलन भी सटीक निकलता है। अमेरिका की बात करें, तो वहां राष्ट्रपति चुनाव के समय ज्यादातर सर्वे होते हैं, उसमें ज्यादातर दो ही उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होता है, तो वहां सर्वेक्षण के सटीक होने की गुंजाइश ज्यादा होती है। अपने देश में देखिए, राज्यों में अलग-अलग पार्टियां हैं, उनके बीच गठबंधन होता है और गठबंधन भी स्थिर नहीं रहता है। अपने देश में वर्गीकरण बहुत हैं, अगर किसी क्षेत्र में एक ही तरह के लोग ज्यादा हों, तो आकलन आसान हो जाता है, पर भारत में आबादी बहुत मिली-जुली है, स्थानीय लोग भी हैं और बाहरी लोगों में भी बहुत विविधता है, तो कोई अनुमान लगाना आसान नहीं है। अपेक्षाकृत कम विविधता वाले अमेरिका में भी सर्वेक्षण पूरी तरह से नाकाम हुए हैं। कोई भी ऐसा देश नहीं, जहां सारे सर्वे सफल रहे हों।

क्या सर्वेक्षणों की गुणवत्ता के लिए प्रयास किए जा सकते हैं? मैं इस बात का पक्षधर नहीं हूं कि हार-जीत वाले सारे सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगा दिया जाए, पर पारदर्शिता का प्रदर्शन अनिवार्य होना चाहिए। जब भी कोई आंकड़ा आप साझा करें, तो उसके बार में आपको विस्तार से स्रोत बताने चाहिए, आपने किस मकसद से सर्वे किया, उसके लिए आपके पास पैसा कहां से आया? सर्वेक्षण के लिए आप किन लोगों के बीच गए? सर्वेक्षण करने वालों को जवाब देने की स्थिति में होना चाहिए, केवल आंकड़े पेश कर देने से काम पूरा नहीं हो जाता। लोगों को सर्वेक्षणों पर जरूर सवाल खड़े करने चाहिए, ताकि सर्वे में गंभीरता आए। सर्वेक्षण के नतीजे गलत हो जा रहे हैं, इसका मतलब कतई यह नहीं कि उन पर रोक लगा दी जाए।


सर्वे की पारदर्शिता के लिए कानूनी प्रबंध भी किया जा सकता है। प्रेस की आजादी के तहत भी दिशा-निर्देश लाए जा सकते हैं। जैसे आदर्श चुनाव संहिता प्रत्याशियों के लिए होती है, उसी तरह से एक संहिता चुनावी सर्वेक्षणों के लिए हो सकती है। चुनाव आयोग के पास ताकत है, वह चाहे, तो दिशा-निर्देश जारी कर सकता है। सर्वेक्षणकर्ताओं को बताया जा सकता है कि सही या ईमानदार सर्वेक्षण कैसे किया जाए? कानून भले न बने, पर सर्वेक्षण के लिए दिशा-निर्देश स्पष्ट करने की जरूरत है, ताकि किसी सर्वेक्षण पर सवाल न उठे और उनके नतीजों से लोगों को सोचने का हुनर मिले। ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन चलाने पर दंडित होना पड़ता है, वैसे ही विधि का पालन किए बगैर सर्वेक्षण की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भयावह खतरा है लू की तीव्रता

ज्ञानेंद्र रावत

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौसम में आ रहे बदलाव से आगामी महीनों में तापमान में बढ़ोतरी, हीटवेव और उससे उपजे खतरों से निपटने से संबंधित समीक्षा बैठक को संबोधित किया, जिसमें प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, गृह सचिव, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने तैयारियों की जानकारी ली और सतर्कता, सजगता एवं आपसी तालमेल से उपाय करने का निर्देश दिया। यह कवायद देश में लू की तीव्रता और घातकता बढ़ने से जुड़ी है, जिसकी जद में देश की 80 फीसदी आबादी और 90 फीसदी क्षेत्रफल के आने की आशंका है। यदि हीटवेव से निपटने की दिशा में त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो भारत को सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) हासिल करने में मुश्किल हो सकती है। भारत एक उष्णकटिबंधीय देश है। हीटवेव अत्याधिक गर्म मौसम की स्थिति है, जिसमें किसी क्षेत्र का तापमान ऐतिहासिक औसत से अधिक हो जाता है। मैदानी, तटीय तथा पर्वतीय इलाकों में अधिकतम तापमान क्रमशः 30, 37 और 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर हीटवेव की स्थिति पैदा होती है। ये तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री अधिक होते हैं और जब ये पांच से छह डिग्री अधिक होते हैं, तब उसे हीटवेव कहते हैं। अगर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो वह स्थिति बेहद खतरनाक मानी जाती है।



हीटवेव से डीहाईड्रेशन, हीटस्ट्रोक और मौत भी हो सकती है। इसकी चपेट में बच्चे, ज्यादा उम्र के बुजुर्ग, महिलाएं, फेफड़ों की पुरानी बीमारी वाले, निर्माण और श्रम से जुड़े लोग ज्यादा आते हैं। बीते बरसों में हर महाद्वीप को हीटवेव ने प्रभावित किया है। इससे जंगलों में आग की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आने वाले 26 सालों में 60 करोड़ लोग इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। इससे घर के बाहर लोगों की कार्यक्षमता में 15 फीसदी की गिरावट होगी और 31 से 48 करोड़ लोगों के जीवन की गुणवत्ता घटेगी। बीते सालों की प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाने में वैश्विक समुदाय उतना सजग नहीं दिखता। मार्च 2023 से मार्च 2024 के बीच की अवधि में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि आज धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की हालिया रिपोर्ट की मानें, तो न केवल बीता वर्ष बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गर्म दशक रहा है। यह वर्ष भी गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ देगा। चिंता की बात यह है कि यदि तापमान वृद्धि पर अंकुश नहीं लगा, तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जायेंगे। अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया यूनीवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कहा है कि उत्सर्जन स्तर यदि 2050 तक यही रहा, तो 2100 तक गर्मी अपने घातक स्तर तक पहुंच जायेगी। यह भी कि प्रत्येक मिलियन टन कार्बन में बढ़ोतरी से दुनियाभर में 226 अतिरिक्त हीटवेव की घटनाएं होंगी।

क्लाइमेट चेंज जर्नल के एक अध्ययन की मानें, तो यदि तापमान में तीन डिग्री की वृद्धि होती है, तो हिमालय में सूखा पड़ने की प्रबल संभावना है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ेगा। इससे भारत और ब्राजील का 50 फीसदी से अधिक कृषि क्षेत्र प्रभावित होगा। इन देशों में एक से तीस वर्ष तक सूखे का खतरा बना रह सकता है। अत्याधिक तापमान से समय पूर्व जन्म दर में बढ़ोतरी का खतरा 60 फीसदी तक बढ़ जायेगा। यह खतरा कई हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होगा। गर्मी के बढ़ते प्रभाव से खाद्यान्न आपूर्ति पर संकट बढ़ जायेगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें, तो बढ़ते तापमान से अमेरिका से चीन तक खेत तबाह हो रहे हैं। इससे फसलों की कटाई, फलों का उत्पादन और डेयरी उत्पादन सभी दबाव में हैं। बाढ़, सूखा और तूफान की बढ़ती आवृत्ति ने इसमें और इजाफा किया है। वाशिंगटन के सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के खाद्य विशेषज्ञ कैटलिन वैल्श कहते हैं कि इन मौसमी घटनाओं की वजह से खाद्य सुरक्षा और कीमतों के बारे में चिंता लगातार बढ़ रही है। इससे उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के बड़े हिस्से के किसान मुश्किल में हैं। दक्षिणी यूरोप में गर्मी के कारण गायें दूध कम दे रही हैं। समुद्र का बढ़ता तापमान मछलियों को अपना इलाका छोड़ने पर मजबूर कर रहा है। इससे बहुत सी प्रजातियों के खत्म होने का अंदेशा बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु समिति के अनुसार यदि धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकना है, तो 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43 फीसदी तक घटाना होगा। आज धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है, जो संयुक्त राष्ट्र के मानक तापमान के अनुमान से आधा डिग्री अधिक है।

वैश्विक तापमान वृद्धि ने समूची दुनिया को अपनी जद में ले लिया है। इसके चलते पेरिस में दुनिया के तमाम देशों ने वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया था। यहां यह विचार करना बेहद जरूरी है कि क्या हम ईमानदारी से उस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। मौजूदा हालात तो इसकी गवाही कतई नहीं देते क्योंकि धरती के गर्म होने की गति तेजी से बढ़ ही रही है और हम तापमान बढ़ोतरी के मामले में पेरिस सम्मेलन में लिये गये निर्णय के बावजूद 3-4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

यदि हमने कार्बन उत्सर्जन कम नहीं किया, तो सदी के आखिर तक धरती का तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जायेगा। क्या उस दशा में धरती रहने के लायक बची रह पायेगी? संयुक्त राष्ट्र जलवायु एजेंसी के प्रमुख साइमन स्टील ने चेतावनी दी है कि धरती को बचाने के लिए अब केवल दो साल का समय ही बचा है। कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और इसके लिए बनायी जाने वाली योजनाओं के लिए धन जुटाने के लिए भी समय कम बचा है। जरूरी है कि गैस उत्सर्जन में गिरावट लाने के लिए ग्रीनहाउस बनाये जायें और सशक्त अर्थव्यवस्था हेतु जी-20 द्वारा अधिक धन प्रदान किया जाये क्योंकि तापमान बढ़ाने वाले उत्सर्जन में इन देशों का 80 फीसदी योगदान है। धरती पर यदि कार्बन और मीथेन का उत्सर्जन इसी तरह बढ़ता रहा, तो हालात और भयावह होंगे. उस दशा में करने के लिए हमारे पास कुछ नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं। )**

# राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश

डॉ. सीपी राय

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।



इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रुझान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।

इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमड़ने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है।

उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं, जो सत्ताधारियों के लिए कठिन डगर साबित हो रही हैं, और ये विपक्षी उम्मीदवार चुनौती देते दिख रहे हैं, तो भाजपा के नाराज लोग भितरघात करते भी दिखलाई पड़ रहे हैं। गौर करने की बात है कि जहां 2014 में भाजपा 71 सीट जीती थी, वहीं 2019 में पुलवामा और बालाकोट की लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश में उसकी सीट घट कर 62 हो गई थीं, इस बार तो कोई लहर भी नहीं है। इस कारण लगता है कि मतदाता ने खामोशी बरतते हुए मतदान के दिन ही फैसला सुनाने का निश्चय कर लिया है।

राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां और समीक्षकों की समीक्षा तथा एग्जिट पोल वालों को अक्सर मतदाता झुठलाता दिखता रहा है। बहरहाल, हमें 4 जून का इंतजार करना होगा और उसका इंतजार भविष्य को भी है, और भारत में रुचि रखने वाली दुनिया में भी सभी को।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कलेक्टर के अनुरोध : मतदान बर परिवार अऊ गांव के सब मतदाता ल लाना है

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने ग्राम पवनी के मतदान साक्षरता रैली कार्यक्रम के दौरान पलायन किए जिले के नागरिकों को मतदान करने के लिए फोन करके बुलाने के अभियान की शुरुआत ग्राम सलीहा के उत्तम सिंह से बात कर किया। कलेक्टर साहू ने उत्तम सिंह से फोन पर छत्तीसगढ़ी में बात किया। श्री साहू ने कहा अऊ का हालचाल, सब बड़े बने और कहां हो आजकल, उत्तम सिंह ने कहा, अभी काम करे आए हन सर। साहू ने फिर आगे कहा कि, आप ल निमंत्रण है यहां, लोकसभा के चुनाव होना है 7 मई के, अऊ जरूर आना है, उत्तम सिंह ने कहा, निमंत्रण मिले हे सर। कलेक्टर साहू ने कहा, और ये देखना है कि बिना लालच के बिना भय के हम ला वोट डालना है ताकि सही व्यक्ति चुन के आए। मोर अनुरोध अऊ है कि, अपन घर में मतदाता 18 साल से ऊपर मतदाता है ओमन ल भी वोट डालना है। अऊ गांव के मतदाता हो ही ओ सब मन ल लाना है। कलेक्टर साहू ने अपने परिवार सहित गांव के अन्य नागरिकों को मतदान के दिन लाने के लिए उत्तम सिंह से अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने पंचायत और बिहान समूह के महिला सदस्यों के माध्यम से जिले के 15 हजार पलायन किए लोगों को वीडियो कॉल करके मतदान करने के लिए बुलाया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। गौर करने वाली बात यह है कि अधिकांश पलायन किए किसान परिवार से होते हैं। वे अपनी खरीफके नवम्बर दिसम्बर में फसल कटाई के बाद जाते हैं और चार माह काम करके फिर फसल बुवाई के समय लौटते हैं।

### सामान्य प्रेक्षक ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम अरण्ड, कोमा, धमनी के दो-दो मतदान केन्द्र और किरवई व राजिम के तीन-तीन मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रेक्षक अनिल अग्रवाल को बताया गया कि गरियाबंद जिले में बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक घरों में जाकर मतदाताओं को मतदान तिथि, समय और उनके संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी युक्त पर्ची दी जा रही है। साथ ही मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरण की जा रही है, जिसमें मतदान और मतदाता से संबंधित सभी जानकारी सरल रूप में मौजूद है। इससे मतदाताओं को मतदान करने में आसानी और सहज होगी। इसी के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है।

# हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के बहकावे में न आएं-मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर/सरगुजा। कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमा रही है, तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है। लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूँ कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस बहकावे में बिल्कुल मत आइये। आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा, जब तक हम सरकार में हैं महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी। महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा।



श्री साय ने कांग्रेस को जमकर कोसा और कहा कि कांग्रेसी जगह-जगह फार्म भरवा कर जनता को ठग रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो महिलाओं को हर महीने 8 हजार और साल में एक लाख देंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं होने वाला है। श्री साय ने कहा कि प्रदेश की जनता ने पहले ही छत्तीसगढ़ की सत्ता भाजपा को सौंप दी है और केंद्र में कांग्रेस के आने की कोई संभावना ही नहीं है। ये सब जानते हुए भी कांग्रेसी जनता को ठगने का नया पैंतरा ले कर आए हैं, जिसका जनता करारा जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दिया। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। कभी गद्दे में सोने वाले आज जेल में नीचे सो रहे हैं, मच्छर से परेशान हैं। ये सब उनके किये की सजा उनको मिल रही है। कांग्रेस को फिर से सबक सिखाना है, खाता खोलने भी नहीं देना है। श्री साय ने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। मोदी जी ने अपनी दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक स्थिति की दृष्टि से 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाया। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बने इसका चुनाव है।

विष्णु देव साय ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया। श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो चुकी है, जिससे कि प्रदेश के रामभक्त अयोध्या में भांचा राम के दर्शन का लाभ पा रहे हैं। उन्होंने 5500 रूपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदने के आदेश भी दे दिए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने मोदी की गारंटी में जो बचे वादे हैं उनको भी सांय-सांय पूरा करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में कहा कि हमने देशवासियों के हित के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। जिसे मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। इसलिए मोदी जी को चुनिए, संकल्प पत्र का सभी वादा पूरा होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरगुजा संभाग की जनता का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया और भाजपा की सरकार बनाई इसके लिए आप सभी को जोहार, आप सभी का धन्यवाद। हमने मोदी की गारण्टी के सभी प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया है, बचे वादे को भी सांय-सांय पूरा करेंगे।

## जीवन के लिए रक्तदान, लोकतंत्र के लिए मतदान महत्वपूर्णः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्रार्थना सभाकक्ष में ''रक्तदान महादान-मतदान महादान'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान और मतदान के लिए प्रेरित किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एडीएन बाजपेई द्वारा शिविर में मौजूद सभी लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और स्वीप के नोडल अधिकारी आर पी चौहान सहित शिविर में सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। कलेक्टर ने कहा कि जीवन के लिए रक्तदान और लोकतंत्र के लिए मतदान बेहद महत्वपूर्ण है।

शिविर में मौजूद लोगों को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से जीवनदान मिलता है, उसी तरह मतदान से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे एक-एक वोट के महत्व को स्वयं समझें और दूसरों को भी मतदान का महत्व समझाएं। कलेक्टर ने 7 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में इसी प्रकार बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल कर हमें बिलासपुर का अभिमान बढ़ाना है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति को मतदान करना होगा, पांच वर्षों में एक बार यह अवसर हमें मिलता है। कलेक्टर ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के कुलपति अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## महिलाओं ने घर-घर जाकर बृजमोहन अग्रवाल के लिए मांगा वोट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार भाजपा फाफाडीह मंडल के अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड-13 मे 10 महिला की टीम बनाकर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुथ क्रमांक -34 (पारस नगर) में घर-घर जाकर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के प्रचार-प्रसार पॉम्पलेट बाटकर बुथ की आम जनता से भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए अपिल किया गया और केन्द्र की योजनाओं को बताकर कमल फूल के बटन को दबाकर भारी मतों से विजयी बानाने के लिए कहा गया। इस रैली कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती पल्लवी भोसले, नेहा साहू,बरखा सिंह, रजनी साहू ,राधा चंद्राकर जी, रेखा साहू, सुशीला ठाकुर, सुनीता साहू, शशि यादव, शांति ध्रुव उपस्थित थे।

## रंगोली, नुक्कड़ नाटक, रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत तानाखार में विद्यार्थियों व ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदान हेतु शपथ ग्रहण तथा सुआ नृत्य के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। ग्राम पंचायत शिवपुर में ग्रामीण महिला-पुरूषों द्वारा मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ ली गई। इसके साथ ही गांव में जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार स्याहीमुड़ी के शासकीय हाईस्कूल में छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक करके करके शत-प्रतिशत मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

## कांग्रेस सेवादल की रीढ़ की हड्डी, संगठन के बूते लड़ेंगे व जीतेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने जिला कांग्रेस सेवादल व महिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण एवं शहर के प्रबंध कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्षों सहित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ली। समस्त पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया।



उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ.महंत ने कहा कि सेवादल संगठन कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है। कांग्रेस के सेवा कार्यों से लेकर संगठन को आगे बढ़ाने में सेवादल की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। चुनाव का समय हो या संगठनात्मक रूप से कांग्रेस को मजबूत करने के अवसर हों, सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक कदम आगे बढ़कर कार्य करते आए हैं। एक बार पुन: लोकसभा चुनाव में यह अवसर आया है जिसमें सेवादल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कमर कसकर जुट जाना है।

डॉ.महंत ने इसी तरह जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी कोरबा एवं युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण एवं शहर प्रबंध कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेते हुए मार्गदर्शन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के भी ग्रामीण एवं शहर के पदाधिकारियों की उन्होंने बैठक ली तथा मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए लोगों के बीच घर-घर जाकर कांग्रेस के न्याय पत्र के 5 न्याय एवं 25 गारंटी को प्रमुखता से बताने की अपील की।

इसी तरह डॉ.महंत ने सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे सहित अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की।

बैठकों के दौरान प्रमुख रूप से महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सभापति श्यामसुंदर सोनी, मुकेश राठौर, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सोनी कर्ष, विजय धीवर, श्रीराम साहू, राजकमल बंजारे, धनेश्वरी चौहान, लता धीवर, पूजा मिश्रा, मिली मुस्कान, सीमा लाल, लक्ष्मी महंत, पिंकी मानिकपुरी, आगर बंजारे, सविता पाठक, कौशल्या भगत, उषा रानी महंत, दिलीप टंडन, पूनम केशरवानी, पीडी तिग्गा, गेंदलाल सिदार, विक्रम सिंह कंवर, सिकंदर टोप्पो, जे.टोप्पो, विकास दास, गजानंद यादव, प्रदीप कुमार, भगवती महंत, गजानंद प्रसाद साहू, राजेश मानिकपुरी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबका दायित्वः प्रेमसिंह मीणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा (आईएएस) प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन कोरबा जिला अंतर्गत नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।



बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे तथा अन्य नोडल अधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान संपन्न कराने की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

प्रेक्षक श्री मीणा ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी रहकर 2ांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रेक्षकों ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान कराने की भागीदारी को बेहतर पहल बताते हुए सभी अधिकारियों को आपस समन्वय स्थापित कर निर्वाचन संपन्न कराने की बात कही। नोडल अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वसंत ने कोरबा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत विधानसभावार की जा रही तैयारी, प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी तथा विगत चुनाव की स्थिति सहित अन्य जानकारी दी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कोरबा जिला एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा में मतदान केंद्रों, मतदाताओं, अतिरिक्त मतदान केंद्रों तथा मतदान केंद्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्र, वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को होम वोटिंग, मतदान केंद्रों में पीडब्ल्यूडी वोटर हेतु व्हील चेयर तथा रैम्प की उपलब्धता एवं आवश्यक सहयोग हेतु स्काउट गाइड के संबंध में तथा निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। इसी तरह नोडल अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाई ने मतदान केंद्रों में किए जाने वाले वेबकास्टिंग, फर्नीचर सामग्री व्यवस्था, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा ने मानव संसाधन, प्रशिक्षण, स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरूकता, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज ने ईवीएम व्यवस्था, विकास चौधरी ने आदर्श आचरण संहिता अंतर्गत की जा रही कार्यवाही, गौतम सिंह ने ईडीसी-डाक मतपत्र, जी आर जांगड़े ने लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, अमित झा ने सेक्टर अनुसार रूट चार्ट, सीएसपी रवींद्र मीणा ने सुरक्षा बल उपलब्धता तथा नोडल अधिकारी मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया कमेटी ने कमलज्योति ने एमसीएमसी टीम द्वारा प्रतिदिन सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अंतर्गत पेड न्यूज पर की जा रही निगरानी के संबंध में जानकारी दी।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### सकल जैन समाज की अहिंसा प्रेरणा वाहन यात्रा आज

**रायपुर (ए.)।** महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 के अवसर पर अहिंसा प्रेरणा वाहन यात्रा का योजन किया गया है। महोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा ने बताया की यह यात्रा 20 अप्रैल को शाम 5 बजे निकाली जायेगी। यात्रा शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर, चौबे कॉलोनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्ग से होते हुए जिनकुशल सूरि जैन दादाबाडी एमजी रोड पहुंचेगी। जिसमे महिलाए युवा सभी वर्ग के लोग हिस्सा लेंगे। इस अहिंसा यात्रा में सर्वश्रेष्ठ अहिंसा संदेश वाले पोस्टर्स-तख्ती को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अहिंसा यात्रा के संयोजक साधुमार्गी समता युवा संघ तेरापंथ युवक परिषद् के साथ तनय लुनिया,चयन जैन, श्रेणिक बोथरा जय आनंद युवा संघ भारतीय, जैन युवा मोर्चा, जय जिनेन्द्र ग्रुप वर्धमान मित्र मंडल है। इस अहिंसा यात्रा में अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा, महासचिव वीरेन्द्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मुणोत, कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा ने सभी समाज के सभी सदस्य एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान चौबे कालोनी का समर कैम्प 1 मई से

**रायपुर (ए.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी रायपुर में 1 मई से एवं शान्ति सरोवर सड्डू में 2 से 12 मई तक समर कैम्प आयोजित किया जाएगा। प्रवेश नि:शुल्क रखा गया है। शिविर का समय सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। समर कैम्प का शुभारम्भ आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी संयुक्त रूप से करेंगी। इस बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। शिविर के लिए पंजीयन फार्म चौबे कालोनी स्थित सेवा केन्द्र में नि:शुल्क उपलब्ध है। इसके अलावा दूरभाष क्रमांक -2253253, 2254254 पर टेलीफोन के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। समर कैम्प में बच्चों को राजयोग मेडिटेशन के साथ-साथ मेमोरी मैनेजमेन्ट, टाईम मैनेजमेन्ट, व्यक्तित्व विकास का आधार दिव्य गुण, जीवन मूल्य, राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि, आत्म विश्वास कैसे बढ़ाएं। आदर्श दिनचर्या, एटीएम ऑफसक्सेस आदि विषयों पर अनुभवी वक्ताओं के रूचिकर व्याख्यान होंगे। समर कैम्प के दौरान फैन्सी ड्रेस स्पर्धा, सामान्य ज्ञान स्पर्धा, निबन्ध प्रतियोगिता, पेन्टिंग स्पर्धा, त्वरित वक्तव्य स्पर्धा एवं अन्य मनोरंजक खेल आयोजित किए जाएंगे।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल

**रायपुर।** 21 अप्रैल को छग पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में पहली बार नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन दत्तात्रेय मंदिर ब्रम्हपुरी पुरानी बस्ती रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी करेंगे, विशेष अतिथि रवि शर्मा, अध्यक्ष एनएसएफ समाज सेवी अरुण विश्वकर्मा एव वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी छग शासन के संजय शर्मा होंगे। पुरस्कार वितरण समारोह रात्रि 7 बजे किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल शिक्षा मंत्री छग शासन एवं विशेष अतिथि दत्तात्रेय मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार और महासचिव लखपति सिंदूर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के करीब 400 से अधिक खिलाड़ी आयेंगे जिसमे छग पुलिस, महाराष्ट्र पुलिस, रेलवे, बीएसएनएल, बीएसएफ सिविल सर्विसेज के करीब 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के साथ छग स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप डेड लिफ्ट की भी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में मुख्यरूप से नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष रवि शर्मा भी दिल्ली से आ रहे है, साथ में वेस्टर्न इंडिया पावर लिफ्टिंग के महासचिव सुभांगी क्रिस्ट भी मौजूद रहेगी। प्रतियोगिता डेड लिफ्ट की होगी जिसमे महिला - पुरुष, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर 40 वर्ष से 100 वर्ष के खिलाड़ी होंगे। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के कार्यालय रायपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की

# महिला आयोग ने आईआईएम को क्यों लगाई फटकार

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्यगण श्रीमती नीता विश्वकर्मा व श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के कार्यालय रायपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 251 प्रकरण की सुनवाई हुई। रायपुर जिले में कुल 123वीं जनसुनवाई है।




सुनवाई में महिला आयोग अध्यक्ष ने आईआईएम रायपुर को जमकर फटकार लगाई। दरअसल दत्तक ग्रहण लेने वाली मां को आईआईएम रायपुर में छुट्टी नहीं देने के बहाने बनाकर आईआईएम रायपुर ने चाइल्ड केयर लीव न देकर दत्तक देने वाली मां को शासकीय सेवक मानने से किया इंकार, भारत के कानूनों को भी मानने से इंकार किया। आवेदिका ने आयोग में 2 दिन के बच्चे के लिए चाइल्ड एडॉप्शन के लिए आईआईएम रायपुर के खिलाफ आयोग में प्रकरण दर्ज करायी थी। प्रकरण बहुत ही स्पष्ट है। आवेदिका विवाह के 17 साल तक नि:संतान थी और उसने 20 नवंबर 2023 को शासकी नियमानुसार 2 दिन की बच्ची को दत्तक ग्रहण के शासकीय नियमानुसार गोद लिया है।

बच्ची गोद लेने के बाद बच्ची की देखभाल के लिए चाइल्ड एडॉप्शन लिव की मांग किया था जिसे अनावेदकगण के द्वारा यह कह कर इंकार किया गया कि यह उनकी पॉलिसी में नहीं है। आयोग में प्रकरण प्रस्तुत होने के बाद 84 दिनों की छुट्टी स्वीकृत किया, जबकि शासन के नियमानुसार 180 दिन की छुट्टी और 60 दिन का कम्यूटेड लिव की पात्रता रखती है। क्योंकि शासकीय सेवा में हर माता को अपने छोटे बच्चे के पालन-पोषण के लिए यह छुट्टी की पात्रता है। और इसके लिए मातृत्व अवकाश के कानूनी के स्पष्ट प्रावधान है। 22 फरवरी की सुनवाई में अनावेदकगणों द्वारा प्रस्ताव रखा गया था कि जल्द ही बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग बुलाकर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। बैठक में आयोग द्वारा भी दो व्यक्तियों को भेजे जाने का प्रस्ताव किया गया था, जिसे अनावेदकगणों ने स्वीकार किया था। बैठक की सूचना आयोग को न मिलने पर 28 मार्च को ईमेल द्वारा आई.आई.एम. रायपुर को पत्र प्रेषित किया गया, जिसका जवाब 5 अप्रैल तक अनावेदकगणों को देना था, लेकिन उक्त जवाब 12 अप्रैल को डाक द्वारा भेजा गया। जिसमें आईआइएम ने 2 अप्रैल को पत्र तैयार किया लेकिन 12 अप्रैल को पत्र भेजा। आईआईएम रायपुर एक प्रतिष्ठित संस्थान होने के बावजूद ईमेल द्वारा भेजे गए पत्र का जबाव डाक द्वारा भेजा गया। इस वजह से उनकी दलील स्वीकार योग्य नहीं है।

मामला स्पष्ट है कि जानबूझ कर आवेदिका के प्रकरण में संस्था ने लेट-लतीफी दिखाई। अनावेदक द्वारा दिये गये जवाब अनुसार आवेदिका शासकीय सेवक नहीं है। तथा सेन्ट्रल सर्विसेस सिविल नियम की पात्रता नहीं रखती है। आवेदिका ने जवाब देते हुए कहा कि वह विगत दस वर्षों से शासकीय सेवक के रूप में स्थायी कार्यरत् है तथा आईआईएम रायपुर भारत की मान्यता प्राप्त संस्था है जो भारत के कानून को मानने के लिए बाध्य है। आवेदिका ने अन्य आईआईएम संस्थानों से आयोग में दस्तावेज भी प्रस्तुत किया है जो भारत शासन के सीसीएस नियम के बंधनकारी है। इस अनुसार आवेदिका 180 दिन चाईल्ड एडॉप्शन लिव एवं 60 दिन कम्यूटेड छुट्टी की पात्रता रखती है। इस बात का कोई भी स्पष्ट जवाब अनावेदक द्वारा नहीं दिया जा रहा है और उनका कहना है कि आईआईएम रायपुर आटोनॉमस संस्था है और वे सीसीएस नियम का बंधनकारी नहीं है। उभयपक्ष को विस्तार से सुनने के बाद आयोग ने कहा कि आवेदिका अपने पक्ष को सही साबित करने में सफल रही है और 17 वर्ष के बाद एक नाबालिग बच्ची को गोद लिया है तो अपने मां कि जिम्मेदारी पूरी करने के लिए शासन के नियमानुसार 6 माह की सीसीएल लिव और 2 माह की कम्यूटेड लिव की पात्रता रखती है। अनावेदक पक्ष को आयोग ने समझाईश दिया कि वह 15 दिन के अंदर आवेदिका के कुल 8 माह के अवकाश के प्रकरण को निराकरण कर नाबालिग बच्ची और उसकी मां के हित को देखते हुए मानवता का परिचय दे, और आवेदिका को अपनी नाबालिग बच्ची के पालन-पोषण में सहयोग करें। 15 दिनों के अंदर आवेदिका के अवकाश मामले में निर्णय ले, और उसकी प्रति आयोग में प्रेषित करें।

# स्टार्ट अप समिट का हुआ आयोजन

स्टार्ट अप से जुड़े युवा उद्यमियों को सहयोग देगा निगम, नगर निगम व आर्म्स 4 एआई के मध्य हुआ एमओयू


**रायपुर।** नगर निगम रायपुर द्वारा स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने एवं रोजगार मूलक कार्यक्रमों से युवाओं को जोड़ने स्टार्ट-अप समिट का आयोजन किया गया, जिसमें युवा आंत्रप्रेन्योर ने अपने परिश्रम से तैयार किए गए व्यवसाय व संस्थागत गतिविधियों की जानकारी दी। इस समिट में नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के सीईओ (स्टार्ट-अप) हुलास पाठक, समन्वयक अभिजीत शर्मा, रवि शंकर विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, आर्किटेक्ट मनीष पिल्लेवार, ने इन युवा उद्यमियों से बात की।



इस कार्यशाला में विश्वविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। युवाओं ने नगर निगम द्वारा की गई इस पहल की सराहना की एवं विश्वास जताया कि इन प्रयासों से युवाओं के कैरियर को नई दिशा मिलेगी। रविशंकर विश्वविद्यालय प्रांगण में बनें इंडोर स्टेडियम में इस स्टार्ट-अप समिट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नवाचारों से युवा अब अपने सपनों को ऊंची उड़ान दे रहे हैं, कठिन परिश्रम से अपने कैरियर को दिशा दे रहें युवाओं को स्टार्ट-अप से जुड़ने नगर निगम द्वारा आधारभूत सुविधाएं सुलभ कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं की प्रतिभा के बल पर अंचल में विकास गतिविधियों को दिशा देने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए युवाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए नगर निगम रायपुर की सराहना की। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, विमल शर्मा, रमेश जायसवाल, जसदेव बांबरा, अरूण ध्रुव, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (ई.एंडटी.) पीके पंचायती व महाप्रबंधक (जनसंपर्क) आशीष मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू, मैनेजर रंजीत रंजन, नगर नियोजन के प्रमुख निशीकांत वर्मा, नीतिश झा, सोहन गुप्ता सहित नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहें।

स्टार्ट-अप समिट में आर्म्स 4 एआई, प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज हैदराबाद के मध्य एमओयू हुआ, जिसके तहत नागरिक सुविधाओं के विस्तार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के दिशा में कार्य करने की सहमति बनीं। यह संस्था शासकीय परिसंपत्तियों के संधारण, नैसर्गिक संसाधनों की आवश्यकता अनुसार उपयोगिता जैसे विभिन्न विषयों पर अब रायपुर नगर निगम को अपना सहयोग देंगे। समिट में एंटिट के अर्जुन सिंह सोनी, आर्म्स 4 एआई की जागृति दबाब, पिच जी जान्हवी शाह, ऑर्गा लाईफके उमेश बंशी, यूएडी के राकेश सिन्हा, सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के अभ्युदय, आईटी के सजल मल्होत्रा, शैलेन्द्र आनंद, एसएमपीएमसी केजी प्रभाकरण राव ने भी अपना प्रेजेंटेशन देकर स्टार्ट-अप की गतिविधियों की जानकारी दी।

# नालियों में मिली गंदगी तो ठेकेदार पर लगा जुर्माना



**रायपुर (ए.)।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने कांशीराम नगर के नाले-नालियों का निरीक्षण किया। वहां भारी मात्रा में गन्दगी पाए जाने पर सफाई ठेकेदार पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

डॉ. पाणिग्रही ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि वहां नाले-नालियों की सफाई बहुत दिनों से नहीं की गई थी। हर जगह कचरे व गंदगी से अटा पड़ा था। कचरे का उठाव भी नहीं किया जा रहा था। इस कारण से जगह-जगह गन्दगी से बिखरा पड़ा था। इसके बाद सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों की गिनती की गई। कुल 35 कर्मचारी होना था। किंतु मात्र 22 कर्मचारी वहां कार्यरत पाए गए। ठेकेदार द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही करने पर उस पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। साथ ही नियमित रूप से साफ-सफाई करने के लिए चेतावनी भी दी गई।

# टैक्स नहीं देने वाले हो जाएं सावधान




### नगर निगम अधिकारयों ने किया आदेश जारी

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के नगर निगम ने टैक्स वसूली के लिए सूची तैयार की रही हैं। दरअसल पिछले दो सालों से टैक्स जमा नहीं करने वालों के लिए नगर निगम इस दौरान एक सूची तैयारी कर रही हैं। बता दें कि रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने इस साल 2024-25 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स वसूली को लेकर 350 करोड़ रु. का लक्ष्य बनाया है। वहीं इस वजह से इस बार नगर निगम ने टैक्स वसूली करने के लिए उन्होंने जोन-2 में इस दौरान एक बैठक बुलाई हैं।

### प्रॉपर्टी टैक्स वसूली बढ़ाने पर हुई चर्चा

जिसमें उन्होंने अधिकारियों और कमिश्नरी से इस बैठक के दौरान इस वर्ष के प्रॉपर्टी टैक्स वसूली बढ़ाने को लिए अधिकारियों यहां पर चर्चा की हैं। जिसमें उन्होंने इस लक्ष्य को पाने के सन्दर्भ में टैक्स जमा नहीं करने वाले संपत्तिधारियों की लिस्ट तैयार की जा रही हैं। की जा रही थी। वहीं इस लिस्ट में उन संपत्तिधारियों की शामिल किया है। जिन्होंने लगातार पिछले दो साल से अपने प्रॉपर्टी से सम्बंधित कोई टैक्स नहीं भरा है। जिसके लिए नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा इस सन्दर्भ में एक सूची तैयार करने के लिए आदेश जारी किया हैं।

कौन बनेगा धर्मानुरागी गेम, नवरस मोटिवेशन से सभी ने जाना जैन धर्म को

# जैन समाज की भव्य शोभायात्रा कल

**रायपुर (ए.)।** महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित भगवान के महावीर के 2623 वे जन्म कल्याणक पर भव्य शोभा यात्रा 21 अप्रैल को सुबह 8 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड से निकली जायेगी। जिसमे सकल जैन समाज महावीर का क्या संदेश जियो और जीने दो जयघोष के साथ पारंपरिक पुरुष परिधान श्वेत वस्त्र एवं महिलाए साड़ी में शामिल होंगी। इस अवसर परमहावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 सकल जैन समाज के द्वारा 6 से 20 अप्रैल तक 15 दिवसीय धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, गेम शो,चिकित्सा जांच शिविर, रक्त दान आदि कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है रक्तदान शिविर में 170 धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपना रक्तदान कर अपना पुण्य प्रबल किया है।



### कौन बनेगा धर्मानुरागी गेम

गुरूवार को आनंद महिला मंडल द्वारा कौन बनेगा धर्मानुरागी गेम शो केबीसी को तर्ज पर खेला गया। जिसमें कुल 10 ग्रुप बना कर धार्मिक एवं जनरल नॉलेज के सवाल जवाब पूछे गए। जिसमे विभिन्न लाइफ लाइन लेकर प्रतिभागियों ने आगे का गेम खेला। इस गेम में 12 साल से लेकर 50 वर्ष तक सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में आनंद महिला मंडल की रक्षा झाबक, रीमा नाहटा, प्रभा लुंकड़, मीना बैड, मीना पींचा, हर्षा मेहता विशेष रूप से उपस्थित थी। रात्रि 7.30 बजे वामा ग्रुप शंकर नगर द्वारा नवरस रिफ्लेक्शन ऑफइमोशन इन जैनिज्म का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जीवन के नौ रस जैसे श्रृंगार रस वीर रस आदि की सूक्ष्मता को बताया गया है। जिसमे कौन से रस से किन उपयोगी चीजों को अपनाना चाहिए किसका त्याग करना चाहिए। इस मोटिवेशन कार्यक्रम में 8 साल से लेकर 40 साल तक के कलाकारों द्वारा अपनी कला के माध्याम इसका प्रस्तुतिकरण देंगे। इस कार्यक्रम में वामा ग्रुप की साधन मूणत,पूजा बोथरा,ऋतु नाहटा,शिल्पा लुनावत,के साथ अन्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

15 दिवसीय सांस्कृतिक आयोजनों में उपसर्गजयी सुकुमाल महामुनिराज की कथा मोक्ष के प्रेमी ( राग से वैराग्य की ओर) भव्य नाटिका शुक्रवार से जैन दादाबाड़ी एमजी रोड में दिगम्बर जैन महिला मंडल रायपुर द्वारा उपसर्गजयी सुकुमाल महामुनिराज की कथा मोक्ष के प्रेमी ( राग से वैराग्य की ओर) भव्य नाटिका का आयोजन किया गया। जिसकी संयोजक- श्रीमति श्रद्धा योगेंद्र जैन (गुरुकृपा) सह संयोजक - श्रीमति लवली जैन,रश्मि जैन, प्रियंका जैन, संध्या जैन, हिना जैन. आदि द्वारा यह धार्मिक नाटक तैयार कर प्रस्तुत किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# मिनी स्कर्ट में सरगुन ने दिखाई कातिलाना अदाएं

### क्यूटनेस और स्माइल ने जीता दिल



पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली सिंगर-एक्ट्रेस सरगुन मेहता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटो-वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में सरगुन मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं, जिनको बेहद पसंद किया जा रहा है। चलिए एक नजर डालते हैं उनरे शानदार और प्यारे लुक पर।

साल 2009 में टीवी शो 12/24 करोल बाग से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सरगुन मेहता सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं और उनका लुक फैंस को बेहद प्यारा लग रहा है।

सरगुन मेहता ने अपने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें शेयर की है उनमें एक्ट्रेस ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं। फोटोज में एक्ट्रेस ब्लैक क्रॉप टॉप के साथ ब्लैक शॉर्क स्कर्ट कैरी किए नजर आ रही हैं, जिस पर मल्टी कलर डिजाइन बना हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने इस लुक से फैंस का दिल जीत लिया है। साथ ही उनके इस पोस्ट पर काफी सारे लाइक्स भी नजर आ रहे हैं।

साथ ही शेयर की गई फोटोज में सरगुन खुले बालों में नजर आ रही हैं, जो हवा में लहरा रहे हैं। एक्ट्रेस लाइट मेकअप कैरी किए नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक प्यारी सी स्माइल नजर आ रही है। शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस की क्यूटनेट और स्माइल फैंस का दिल जीत रही है। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने इन फोटो के साथ एक प्यारा सा कैप्शन भी शेयर किया है।

इन सभी प्यारी सी तस्वीरों को शेयर करते हुए सरगुन ने एक अच्छा सा कैप्शव भी शेयर किया है, जिसमें वो लिखती हैं, उसके बारे में भूल जाओ मुझ पर ध्यान केंद्रित करो। एक्ट्रेस के इस पोस्ट को बेहद पसंद किया जा रहा है। साथ ही इस पर काफी सारे लाइक्स और कमेंट्स भी आ रहे हैं और फैंस जमकर एक्ट्रेस की तारीफें कर रहे हैं।

वहीं, अगर सरगुन मेहता के वर्कफ्रंट की बात करें तो साल 2009 में अपने टीवी शो 12/24 करोल बाग के बाद एक्ट्रेस कलर्स टीवी के फेमस शो फुलवा में नजर आई, जहां से एक्ट्रेस को पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने पंजाबी फिल्म अंग्रेज से भी अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। इसके बाद एक्ट्रेस कई हिंदी और पंजाबी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और नजर आ रही हैं।

# हुमा कुरैशी की फिल्म गुलाबी की शुरू हुई शूटिंग

**बीते महीने महिला दिवस के मौके पर हुमा कुरैशी ने अपनी नई फिल्म का एलान किया था। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदार विपुल मेहता संभालेंगे। आज से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। साथ ही फिल्म के नाम से पर्दा उठ गया है। हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस के साथ साझा की है।**

हुमा कुरैशी की अगली फिल्म का नाम गुलाबी है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी ऑटो चालक की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में वह एक ऑटो ड्राइवर और उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला की सच्ची कहानी को दर्शकों के सामने पेश करती दिखेंगी। अपने नई फिल्म की घोषणा करते हुए हुमा ने सोशल मीडिया पर लिखा था, मैं विशाल राणा और जियो स्टूडियो के साथ नई फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह फिल्म विशाल राणा और विपुल मेहता के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, फिल्म गुलाबी की शूटिंग शुरू हो चुकी है। अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं।

हुमा के फैंस के साथ-साथ तमाम सितारे भी हुमा को बधाई दे रहे हैं। नुपुर सेनन ने लिखा, आपको बहुत शुभकामनाएं। जूही परमार ने लिखा, गुड लक। वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों हुमा कुरैशी अपनी चर्चित वेब सीरीज महारानी 3 को लेकर खूब चर्चा में रही हैं। अभिनेत्री के अभिनय की दर्शकों ने दिल खोलकर तारीफ की। इस सीरीज के पिछले दो सीजन में भी हुमा दमदार अंदाज में नजर आईं। सोनी लिव की महारानी सीरीज के तीसरे सीजन में हुमा पूरी तरह छा गईं।



# वास्तविकता दिखा रहे हैं वेब सीरीज व डिजिटल प्लेटफॉर्मः अलंकृता



वेब सीरीज में अलंकृता सहाय का उदयः फुह से फैंटेसी जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज में अलंकृता सहाय की भूमिकाओं पर चर्चा और मनोरंजन उद्योग में डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते चलन का विश्लेषण

अलंकृता सहाय भारतीय मनोरंजन उद्योग की सबसे प्रतिभाशाली और गतिशील युवा लड़कियों में से एक हैं और हमें उनकी अविश्वसनीय विकास कहानी पर वास्तव में गर्व है। जिस तरह से वह राख से फीनिक्स की तरह उठी और सफलतापूर्वक शीर्ष पर पहुंची,

व ह

वास्तव में कई युवा लड़कियों के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

तमाशा की दुनिया में प्रवेश करने से लेकर संगीत वीडियो और ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने तक, अलंकृता सहाय वास्तव में नियमित आधार पर जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं और विकास वास्तविक है। जबकि उन्होंने पहले हर संगीत वीडियो में अभूतपूर्व काम किया है, जिसका वह हिस्सा रही हैं। ओटीटी स्पेस में एक भूमिका जिसने उन्हें भारी मात्रा में विश्वसनीयता और सम्मान दिया, वह जियो सिनेमा की फुह से फैंटेसी में उनका प्रदर्शन था। इसने अलंकृता का एक अलग पक्ष प्रस्तुत किया जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा था। यह वास्तव में उनके लिए एक पथप्रदर्शक भूमिका थी और कोई आश्चर्य नहीं, दर्शकों के साथ-साथ निर्माता भी अब उन्हें स्क्रीन पर और अधिक अलग और विविध अवतारों में दिखाने के लिए तैयार हैं।

तो, अलंकृता ओटीटी स्पेस में अपने प्रदर्शन को कैसे देखती हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते रुझानों पर उनकी क्या राय है? इस बारे में पूछे जाने पर, अभिनेत्री ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए और लिखा,ठीक है, फुह से फैंटेसी वास्तव में मेरे लिए एक विशेष परियोजना थी। इसने न केवल मुझे जिओ सिनेमा जैसे विश्वसनीय मंच के साथ जुड़ने का एक अच्छा अवसर दिया, बल्कि इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि उद्योग कैसे संचालित होता है और मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे लगता है कि शो में काम करने और अपने दर्शकों से प्यार और सम्मान पाने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि आज के समय में, एक अभिनेत्री के रूप में, आपको वास्तव में कोई हिचकिचाहट नहीं हो सकती है, दूसरे क्या सोचेंगे इसके आधार पर कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। वेब सीरीज़ और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म आज वास्तविकता का प्रदर्शन कर रहे हैं और ऐसी परियोजनाओं में भी वास्तविकता का अपना तत्व जुड़ा हुआ है, भले ही यह काल्पनिक हो। बहुत से लोग ओटीटी परियोजनाओं के बारे में बात करते हैं जो कभी-कभी बोल्डनेस और कामुक दृश्यों के मामले में अतिशयोक्तिपूर्ण होती हैं, जहां वास्तव में इसकी आवश्यकता होती है। बहुत सारा समय और आपको इसे सही भावना से लेना होगा। एक मंच के रूप में ओटीटी दिन-ब-दिन बढ़ रहा है और यही कारण है कि, देश के कुछ सबसे लोकप्रिय अभिनेता भी यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। चूंकि यहां बॉक्स ऑफिस का दबाव नहीं है, इसलिए यह कई प्रतिभाशाली अभिनेताओं के लिए अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास करने और क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक प्रजनन स्थल भी है। मुझे एक ऐसी अभिनेत्री होने पर गर्व है जो ओटीटी क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है और यह हमेशा मेरी विकास कहानी के हिस्से के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

फुह से फैंटेसी में मेरे प्रति जबरदस्त प्यार दिखाने के लिए एक बार फिर सभी को धन्यवाद। यह प्यार ही है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

# जब बालन को प्यार में मिला था धोखा



विद्या बालन फिल्म दो और दो प्यार के साथ एक बार फिर स्क्रीन पर धमाल मचाने वाली हैं। एक्ट्रेस रिलीज से पहले फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। इस बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप को लेकर बात की। विद्या बालन ने बताया कि प्यार में उन्हें धोखा मिला था और उस वक्त वो पूरी तरह टूट गई थीं।

विद्या बालन फिल्म इंडस्ट्री की सबसे सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। फिल्म के प्रमोशन को लेकर विद्या बालन मीडिया में लगातार नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड के बारे में बात की, जिसके धोखे ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया था।

### जब प्यार में मिला विद्या को धोखा

विद्या बालन ने बातचीत में कहा कि उनके जैसी खूबसूरत और सफल इंसान को कैसे धोखा दिया जा सकता है। फिल्म कम्पेनियन के साथ बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, 'जब कोई आपको धोखा देता है तो ये आपकी गलती नहीं होती है। ये असल में उनकी असलियत होती है। उस समय मुझे ये नहीं पता था। मेरी उम्र कम थी। मैं परेशान हो गई थी। दिल टूट गई थी और मैं बिखर गई थी।

### चीटर्स को लेकर कही ये बात

एक्ट्रेस ने आगे कहा, उस आप सोचते हैं, ओह क्या मैं अच्छी नहीं हूं? ये कभी भी आपके बारे में नहीं होता।है, ये हमेशा धोखा देने वाले के बारे में बताता है और ये बताता है कि वो इंसान क्या ढूंढ रहा है। इससे अभी भी दिक्कत होती है।

### विद्या की आने वाली फिल्म

विद्या बालन के वर्कफ्रंट की बात करें, तो एक्ट्रेस अगली बार प्रतीक गांधी के साथ दो और दो प्यार में नजर आएंगी। ये एक रॉम-कॉम फिल्म है। फिल्म एक ऐसे कपल की कहानी के बारे में है, जिसका प्यार खत्म हो गया है और दोनों का अलग-अलग लोगों के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि, एक छुट्टी उन्हें फिर से करीब लाती है और अब कपल की परेशानी ये है कि जिन लोगों के साथ उनका अफेयर चल रहा है, उन्हें इस बारे में कैसे बताया जाए।

# तरबूज खा रहे हैं तो इसके बाद न करें ऐसी गलती, वरना सेहत को होगा भारी नुकसान

तरबूज खाना बहुत से लोगों को पसंद होता है। गर्मियों में इसका सेवन भी खूब होता है। तरबूज खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। हालांकि, तरबूज खाने के बाद कुछ चीजों का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इससे पेट की कई समस्याएं हो सकती हैं। एसिडिटी, गैस जैसी तकलीफें बढ़ सकती हैं। यहां चार ऐसी चीजों के बारें में आपको बता रहे हैं, जिसे कभी भी वॉटरमेलन खाने के बाद नहीं खाना चाहिए।

### दूध

तरबूज खाने के बाद कभी भूलकर भी दूध नहीं पीना चाहिए। ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल, तरबूज में विटामिन सी पाया जाता है, जो दूध के साथ मिलकर रिएक्शन कर सकता है। इससे ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। खराब डाइजेशन और बदहजमी की शिकायत भी हो सकती है। इसलिए तरबूज और दूध का कॉम्बिनेशन अच्छा नहीं माना गया है।

### नमक

तरबूज के बाद या इसके साथ कभी भी नमक नहीं खाना चाहिए। ऐसा करना हानिकारक हो सकता है। तरबूज के साथ नमक खाने से इसके पोषक तत्व शरीर में सही तरह अवशोषित नहीं हो पाते, जिससे ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा हो सकती है और हार्ट की समस्या बढ़ सकती है।


### हाई प्रोटीन फूड्स

तरबूज खाने के बाद कभी भूलकर भी हाई प्रोटीन फूड्स नहीं खाने चाहिए, वरना लेने के देने पड़ सकते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि तरबूज में विटामिन और रफेज होने के साथ स्टार्च भी पाई जाती है, जो पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे कई और समस्याओं भी परेशान कर सकती हैं।

### अंडा

अंडा और तरबूज दोनें का सेवन कभी भी एक साथ नहीं करना चाहिए। दरअसल, दोनों की तासीर अलग-अलग होती है, जिससे ब्लोटिंग और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। दोनों पेट में जाकर एक-दूसरे को पचने नहीं देते हैं। इससे पाचन से जुड़ी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

# रोहित की सिंघम अगेन की रिलीज तारीख टली, पुष्पा-2 से नहीं होगा सामना



अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म पुष्पाः द रूल को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को सिंघम अगेन के लिए लंबा इंतजार करना होगा।नई खबर के मुताबिक, सिंघम अगेन और पुष्पा 2 के बीच कोई टकराव नहीं होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, सिंघम अगेन की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब सिंघम अगेन का पुष्पा 2 से टकराव नहीं होगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। सूत्र ने कहा, रोहित शेट्टी और सिंघम अगेन टीम ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।

सिंघम अगेन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जु कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म सिंघम से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की सिंघम रिटर्न्स, 2018 में रणवीर की सिम्बा और 2020 में अक्षय कुमार की सूर्यवंशी के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने सीएचसी नौरंगपुर का निरीक्षण

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.के.चंद्रवंशी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौरंगपुर, व्ही.एच.एन.डी. सत्र सराईपाली एवं पुटकापुरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीकाकृत बच्चों को गर्मी एवं धूप को देखते हुए टीकाकरण के तुरंत बाद संस्था से न जाने देने एवं थोड़े समय पश्चात् जाने देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने टीकाकरण को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने हेतु विशेष निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने अस्पताल के साफ-सफाई, ड्यूटी रोस्टर 24×7 के अनुसार अपने निर्धारित समय तथा ड्रेस कोड के अनुसार मुख्यालय में निवासरत होकर कार्य करने तथा लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर सभी आवश्यक जांच करने के निर्देश दिये। आयरन एवं कैल्शियम दवाएं गर्भवती महिलाओं के द्वारा सेवन किये जा रहे हैं अथवा नहीं के संबंध में महिला पर्यवेक्षक एवं आर.एच.ओ.को फालोअप के लिए निर्देशित किया गया। 40 वर्ष से कम उम्र की सभी पुरूष एवं महिलाओं को सिकल सेल जांच करने के विशेष निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित पाये गये।

### बालको के परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक भारी वाहनों के परिचालन का समय निर्धारित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी अजीत वसंत ने बालको के परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक भारी वाहन परिचालन के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इस मार्ग पर सुबह 7 से 9 और शाम 5 से 7 बजे तक भारी वाहन के आवागमनध् परिचालन में प्रतिबंध होगा। वही इस मार्ग में गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घण्टा निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि बालकों के परसाभाठा चौक के पास हुई दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त बैठक दिनांक 14.04.2024 को आयोजित की गई, जिसमें जिला प्रशासन, बालको प्रबंधन एवं स्थानीय निवासी से परामर्श के पश्चात सर्व सम्मति से निर्णय के आधार पर एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम – 215 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से बालको परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक सभी प्रकार के भारी वाहनों के आवागमन को समयावधि प्रातः 07.00 बजे से प्रातः 09.00 बजे तक एवं शाम 05.00 बजे से शाम 07.00 बजे तक आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 217 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा की दृष्टि से बालको परसाभाठा चौक से बजरंग चौक तक संचालित सभी प्रकार के भारी वाहनों की अधिकतम गति सीमा 30 कि.मी. प्रतिघंटा निर्धारित किया गया है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया शीतल जल का वितरण

**कोरबा।** रामनवमी के शुभ अवसर पर हिन्दु भाइयो द्वारा दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमे मारवाड़ी युवा मंच शाखा कोरबा के द्वारा श्रद्धालुओं, आते जाते राहगिरो, तथा सभी भक्तों को ट्रांसपोर्ट नगर चौक के समीप शीतल आइस लॉली 8000 नग तथा शीतल जल पाउच 5000 नग वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी निर्देशक नीरज अग्रवाल,अध्यक्ष विकास मित्तल,उपाध्यक्ष सनी मित्तल, सचिव दीपक अग्रवाल (स्टार), कोषाध्यक्ष प्रियंक अग्रवाल, भूतपूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, भूतपूर्व सचिव अक्षय अग्रवाल व मंच के अन्य सभी जुझारू सदस्य भी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# नामांकन भरने ट्रैक्टर से पहुंचे विकास उपाध्याय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने 19 अप्रैल को नामांकन पर्चा भरा। नामांकन रैली में वरिष्ठ नेतागण व सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। नामांकन से पहले काँग्रेस भवन गाँधी मैदान मे एक बड़ी सभा का आयोजन कर मंच से वरिष्ठ नेताओं ने काँग्रेस की 10 न्याय और 25 गारन्टी के बारे में अपने भाषण में बताया।**



प्रभारी सचिव चंदन यादव वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू इंद्र साव छाया वर्मा अनीता शर्मा शैलेश नितिन त्रिवेदी प्रतिमा चंद्राकर गिरीश दुबे कुबेर यदु पप्पू बंजारे नारायणदास कुर्रे अमितेश शुक्ला ने मंच को साझा कर आम जनता और काँग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के दिशा निर्देश दिया।

सभा उपरांत सभी काँग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ट्रैक्टर में बैठकर एक विशाल रैली निकाली। रैली शहर के मुख्य मार्ग होते हुए कोतवाली मालवीय रोड जयस्तंभ चौक शास्त्री चौक घडी चौक होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुँची जहाँ रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अपना नामांकन दाखिल किया। रैली मे आये हुए हजारो के तदाद मे उपस्थित जन समूहो का कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। विकास उपाध्याय ने मालवीय रोड जयस्तंभ चौक घड़ी चौक के सभी व्यापारियो आम जनता को हाथ जोड़कर वोट अपील की। वहीं महिलाएं सर पर साफा पहनकर सबसे आगे दुपहिया वाहनों में सवार थी और काँग्रेस पार्टी के नारे बुलंद कर रही थी। अपने संबोधन में विकास उपाध्याय ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र को अपना जन्मभूमि के साथ कर्मभूमि भी बताया और कहा कि इसी लोकसभा क्षेत्र में रहकर राजनीति कर यहाँ के देवतुल्य जनता ने नेता बनाने का काम किया है। जनता के सुख दुख में सदैव समर्पित रहना मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य है। पूरे कार्यक्रम के दौरान विकास उपाध्याय ने रायपुर लोकसभा की जनता से आग्रह किया इस बार के लोकसभा चुनाव में एक सक्रिय युवा नेता को चुने जो आपके साथ हाथ से हाथ मिला कर कदम से कदम मिलाकर क्षेत्र का विकास करें।

### जोगी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने किया कांग्रेस प्रवेश

ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के नेतृत्व मे धरसीवा ब्लॉक के राजा राज बंजारे विवेक बंजारे रोहित नायक अमित साहू नजीब असरफवरूण पटेल दिनेश यादव सूर्यनारायण किसले महेश यादव सोनू गुप्ता अफसार कुरैशी सहित 25 पदाधिकारियो ने कांग्रेस प्रवेश किया। वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू विकास उपाध्याय ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस रैली मे राजेंद्र तिवारी पंकज शर्मा प्रवीण साहू संजय पाठक शिव ग्वालानी राम गिडलानी सुनील छतवानी बसंत पटेल पार्षद सुंदर जोगी राधेश्याम विभार बंशी कन्नौजे प्रमोद तिवारी पुरुषोत्तम बेहरा मनीराम साहू प्रकाश जगत प्रशांत ठेगडी शीतल कुलदीप नीलम जगत नवीन चंद्राकर सहदेव व्यवहार अरुण जंघेल ममता राय सुनीता शर्मा उषा रंजन श्रीवास्तव कमलेश नथवानी प्रकाश पुजारा विजय शाह ममता राय विजय भट्टाचार्य माधव छूरा राजा बंजारे रामदास कुर्रे जगदीश कलश राकेश गुप्ता विमल गुप्ता प्रमोद चौबे जसबीर ढिल्लन हैप्पी बाजवा इस्माइल गफुर हैदर अली भोज कुमारी यदु राकेश धोत्रे आदि उपस्थित थे।

# अनोखी कलाकारी से किया मतदाताओं को जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेकों स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी को आज एक और अनोखी कलाकारी भेंट की गई।**



दरअसल जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफ आर्टिस्ट एवं युवा कवि ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पीपल का पत्ते पर उकेरा, जिसे आज कलेक्टर गांधी को उनके कक्ष में आकर भेंट किया। इस अनोखी कलाकारी और मतदाताओं के जागरूकता के लिए की गई उनके हुनर की कलेक्टर ने काफी प्रशंसा की।

गौरतलब है कि विकास शांडिल्य देश-विदेश और राज्य के सभी धर्म के महान पुरुषों का पीपल के पत्ते और अन्य पत्तों पर भी फोटो बना चुके हैं।

# मतदाताओं के बीच संदेश पहुंचाने तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल का शानदार आगाज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने अनोखी पहल की जा रही है। स्वीप दिव्यांग क्रिकेट मैच के अलावा फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच ''मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान'' जागरूकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बी.टी.आई. रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आज शाम फूड फेस्टिवल का शानदार आगाज किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने चौपाटी पहुंचकर मतदाताओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद थे।

तीनों दिन खाने के शौकीन और संगती प्रेमी सहित आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा संध्या 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक संगीतमय प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसमें 19 अप्रैल को उद्घाटन समारोह के अवसर पर मशहूर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, शब-ए-अमन व रैपर अंकित एंड सड्डू बॉयस द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। इसी तरह 20 अप्रैल को एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, हवाएं द बैंड एवं सावन द बैंड तथा 21 अप्रैल समापन समारोह के अवसर पर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, स्पेशल परफ ॉर्मेंस एवं इंडियन रोलर के कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। यहां देशी और अलग-अलग तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है। इसमें अलग अलग स्टॉल लगाया जा रहा है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, जिला पंचायत, उच्च शिक्षा, नगरीय निकायों का स्टॉल लगाया गया है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांग रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा की गई नई व्यवस्था के फलस्वरूप चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को अब अपने मताधिकार के प्रयोग करने हेतु मतदान केन्द्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की भी परेशानी नही होगी।**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई नई व्यवस्था के तहत इन मतदाताओं को अब 1950 नंबर डायल कर अपने नाम का पंजीयन कराने के पश्चात् मतदान तिथि को उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में इस दिव्यांग रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि यह रथ जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी स्थानों पर भ्रमण करेगी। इसके माध्यम से मतदाताओं एवं आम नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा हेतु शुरू की गई इस नई व्यवस्था की जानकारी दी जाएगी।

मतदान तिथि 26 अप्रैल को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान केन्द्र तक पहुँचने में असमर्थ जिले के दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाता 1950 नंबर पर डायल कर इस सुविधा का लाभ लेने हेतु अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस दौरान दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को अपना नाम, निवास स्थान का पता आदि जानकारी देना आवश्यक होगा।

# संसदीय क्षेत्र के लिए 6 अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 के लिए आज 6 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पर्वत ईश बादल एक्का-सर्व आदि दल,गोवर्धन राठिया-सुंदर समाज पार्टी, अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, उदय कुमार राठिया-हमर राज पार्टी एवं महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए।

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत अंतिम तिथि 19 अप्रैल तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन फ ार्म जमा किए है। जिनमें राधेश्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी, प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय, रूपनारायण एक्का-बहुजन मुक्ति पार्टी, मदन प्रसाद गोंड-गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी, गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, अलबर्ट मिंज-हमर राज पार्टी, इनोसेंट कुजूर-बहुजन समाज पार्टी, डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पूजा सिदार-निर्दलीय, पर्वत ईश बादल एक्का-सर्व आदि दल, गोवर्धन राठिया-सुंदर समाज पार्टी, अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, उदय कुमार राठिया-हमर राज पार्टी एवं महेन्द्र कुमार सिदार-भारत आदिवासी पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नाम निर्देशन पत्र जमा करने की आज 19 अप्रैल को अंतिम तिथि थी।

# जिले में 1300 लोगों की ऑखों की रौशनी लौटी

श्रीकंचनपथ न्यूज





**गरियाबंद।** गरियाबंद जिला को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पॉल ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीण अंचल में नेत्र सहायक अधिकारियों एवं मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा लगातार सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है।

जिनके द्वारा चिन्हांकित मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों के मरीजों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जाता है तथा उनका निःशुल्क उपचार एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जाता है। आमतौर पर 40 वर्ष की उम्र के बाद लोगों में दृष्टि दोष एवं मोतियाबिंद की समस्या शुरू हो जाती है। राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पिछले वर्ष 2023-24 में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक जिले के 25 हजार 189 बाह्य रोगियों का जांच एवं उपचार किया गया। जिसमें से 1276 मोतियाबिंद मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं 24 अन्य नेत्र रोगियों का सफल ऑपरेशन किया गया है। जिला चिकित्सालय गरियाबंद में पदस्थ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. टी.सी. पात्रे द्वारा जिला चिकित्सालय में प्रति मंगलवार को निःशुल्क नेत्र आपरेशन किये जाते हैं। जिले के 257 पूर्व माध्यमिक शालाओं में नेत्र परीक्षण का कार्य कराया गया है जिसमें पढ़ने वाले 18 हजार 599 छात्र-छात्राओं को नेत्र जांच का लाभ मिला, दृष्टिदोष वाले 425 छात्र-छात्राओं को जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा निःशुल्क पावर वाले चश्में उपलब्ध कराये गये हैं। इसी तरह जिले में 1600 वृद्धजनों को नेत्र जांच उपरांत दृष्टिदोष पाये जाने पर पढ़ने - लिखने के लिए निःशुल्क पावर वाले चश्में उपलब्ध कराये गये हैं। वर्ष 2023-24 में मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु एन.जी.ओ. उषा फाउंडेशन रायपुर की सहायता भी ली गयी थी। आगामी वर्ष में जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त जिला बनाने हेतु जिला नोडल अधिकारी डॉ. टी.सी.पात्रे, वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी सुविनय बोस, शेष नारायण पात्र, पुरषोत्तम निर्मलकर, योगानंद चक्रधारी, आर.पी. साहू, दीपिका साहू, भारती साहू, वाणी आराधना साहू, नितेश सिन्हा, अजय साहू, पोसुराम साहू, रामसखा गौतम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम निरंतर प्रयासरत है।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनेश गुप्ता पिता भागवत प्रसाद गुप्ता निवासी मकान नं 18 मोहन नगर दुर्ग पिन 491001 ( छ.ग. ) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम दिनेश कुमार गुप्ता पिता भागवत प्रसाद गुप्ता रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम दिनेश कुमार गुप्ता पिता भागवत प्रसाद गुप्ता से ही जाना पहचाना जावे।

दिनेश कुमार गुप्ता
मकान नं 18 मोहन नगर दुर्ग
पिन 491001 ( छ. ग. )

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, HEMLATA GUPTA / HEMA GUPTA W/O DINESH KUMAR GUPTA D/O CHANDRAKANT GUPTA resident of HOUSE NO. 18 MOHAN NAGAR DURG PIN 491001 ( C G. ). have change my old name HEMLATA GUPTA / HEMA GUPTA W/O DINESH KUMAR GUPTA D/ O CHANDRAKANT GUPTA , so in future I should be recognized by my new name that is HIMA GUPTA W/O DINESH KUMAR GUPTA D/O CHANDRAKANT GUPTA in all Government and other documents.

HIMA GUPTA
HOUSE NO. 18
MOHAN NAGAR DURG
PIN 491001 ( C.G. )

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### दो मासूम संग मां फांसी पर झूली

**कांकेर (ए.)।** मां की उसके दो मासूम बच्चों के साथ घर में फंदे पर लटकी लाश मिली है। घटना चारामा थाना क्षेत्र के बड़ेगौरी गांव की है, जहां 27 वर्षीय कविता तेता ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

### कुंए में मिला नवजात का शव

**पत्थलगांव-रायपुर (ए.)।** जिले के एक गांव में कुंए में नवजात शिशु का शव मिला है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र के मुड़ापारा गांव का है। मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टि में यह बिन व्याही मां की करतूत का मामला प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने कुएं से नवजात शिशु का शव निकाल कर उसे अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुढ़ियारी में बुजुर्ग महिला की हत्या, आरोपी फरार

**रायपुर (ए.)।** अपराध का ग्राफ इस हद तक बढ़ गया है कि अपराधियों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। आए हत्या, लूट-पाट, मार-पीट के कई वारदात सामने आते रहते हैं। जिसपर पुलिस प्रशासन द्वारा भी कार्रवाई की जाती है लेकिन बावजूद इसके इन अपराधियों के हौसले दिनों दिन बढ़ते ही जा रहे हैं जो बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर के रामनगर से सामने आया है। जहां एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई है। जिसके बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। यह पूरा मामला राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना के रामनगर चौकी इलाके का है। जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई है। बताया गया कि मृतक महिला का नाम फेकन बाई साहू है जो कि अपने नाती के साथ रहती थी। देर रात जब वे घर पर सो रही थी तब अज्ञात हत्यारे ने गला रेत कर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एफएसएल और पुलिस की टीम ने मामले की जांच की। जिस पर उन्होंने एक संदेही को हिरासत में लिया है। फिलहाल हत्या का कारण अज्ञात बताया जा रहा है।

### शराब पीने पत्नी से मांगा पैसा, नहीं देने पर पिया जहर

**धमतरी (ए.)।** शराब पीने पत्नी से पैसे की मांग की जब पत्नी ने पैसे देने से इंकार किया तो आक्रोशित होकर अधेड़ पत्नी से विवाद करते हुये घर से बाहर निकल गया। जहर पीकर बेसुध पड़ा था, जिसे फिर अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पूरा मामला यह मामला रुद्री थाना क्षेत्र के ग्राम गंगरेल से सामने आया जहां रहने वाला अधेड़ व्यक्ति कामता प्रसाद यादव जिसे शराब का आदि बताया गया है। वह शराब पीने के बाद अपने घर पहुंचा और अपनी पत्नी से और शराब पीने पैसो की मांग की। पत्नी के पास पैसे नहीं होने से उसने पैसे देने से इंकार कर दिया। इस बात से अधेड़ बिफर पड़ा था और पत्नी से विवाद करने के साथ उसके साथ गाली गलौज करने लगा। साथ ही तैश में आकर घर से बाहर निकल गया था। कुछ देर बाद किसी पहचान वाले व्यक्ति का फोन अधेड़ के पुत्र के पास आया जिसने जानकारी दी कि उसके पिता गंगरेल बांध क्षेत्र की ओर बेसुध पड़े हैं। पुत्र जब मौके पर पहुंचा तो उसके पिता के साथ वहां पर जहर की शीशी भी पड़ी थी।

नाव में बैठकर गए थे पत्थर सेनी मंदिर, लौटते समय हुआ हादसा

# महानदी नाव दुर्घटना : अब तक मिले 6 शव



श्रीकंचनपथ न्यूज़

**रायगढ़।** महानदी में हुई नाव दुर्घटना में लापता लोगों की तलाश के लिए सुबह से फिर रेस्क्यू और सर्च आपरेशन शुरू कर दिया गया है। गोताखोरों के साथ भुवनेश्वर से पहुंचे स्कूबा ड्राइवर्स की टीम खोजबीन में जुटी रही। इस बीच सुबह 8.20 के करीब एक 7 वर्षीय बच्चे पीकू राठिया का शव बरामद किया गया। मृत बच्चा अंजोरीपाली, ब्लाक खरसिया का निवासी था। इसके बाद शवों की खोजबीन का सिलसिला चलता रहा। कुछ ही देर में एक महिला और एक बच्चे सहित दो शव और मिले जिनमें एक महिला राधिका राठिया और एक बच्चे नवीन राठिया का शव शामिल था। शनिवार की दोपहर तक तीन शव निकाले जा चुके थे। तीसरी महिला की पहचान तेरसबाई राठिया, ग्राम अंजोरीपाली, चौथे शव लक्ष्मीन राठिया और बालक कुणाल राठिया, सभी ग्राम अंजोरीपाली, खरसिया निवासी हैं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम का पसरा हुआ है। जबकि हजारों लोग घटनास्थल पर मौजूद है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर पत्थर सेनी मंदिर के पास महानदी में नाव पलटने से तकरीबन आधा दर्जन लोग की डूबने से मौत हो गई थी। वहीं कई लोग लापता भी हो गए थे। गोताखोरों की टीम लापता लोगों की तलाश में जुटी रही। कल अंधेरा गहरा जाने की वजह से सर्च आपरेशन रोक दिया गया था। जिसे आज सुबह पुनः प्रारम्भ किया गया। बताया गया है कि लगभग 40 लोग नाव में सवार थे। लापता लोगों में छत्तीसगढ़ के लोग भी शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव घटनास्थल पहुंचे। फिलहाल मौके पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद है सर्च आपरेशन का कार्य जारी है।

इस संबंध में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लाक के निवासी उड़ीसा के पथरसेनी में मंदिर दर्शन हेतु गये थे। महानदी तट से वे लकड़ी की नाव (डोंगा) में सवार होकर मंदिर तक पहुंचे तथा दर्शन के बाद वापस लौटते समय शुक्रवार की दोपहर यह दुखद घटना घटित हुई। इसकी जानकारी मिलने पर झारसुगुड़ा जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। रायगढ़ से भी टीम भेजी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी मौके लिए रवाना हुए। कार्तिकेया गोयल और एसपी दिव्यांग पटेल ने महानदी नाव दुर्घटना में प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से सभी को हर संभव मदद की जाएगी। सभी फिलहाल घटनास्थल के पास कंडईकेला पुलिस चौकी में हैं। कलेक्टर गोयल ने सभी लोगों के खाने-पीने और परिवहन की व्यवस्था के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। ओडिशा में महानदी में हुई नाव दुर्घटना में राहत व बचाव कार्य जारी है। यहां ओडीआरएएफ और फायर टीम के गोताखोर राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। भुवनेश्वर से स्कूबा डाइवर को भी बुलवाया गया था, जिन्होंने आज आपरेशन शुरू किया।

घटना के बाद कल सबसे पहले एक महिला का शव बरामद किया गया था, जिसकी उम्र करीब 35 वर्ष थी। वहीं 7 लोग लापता थे। इनमें 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल थे। दोपहर तक कुल 6 शवों को बरामद किया जा चुका था, जबकि सर्च आपरेशन जारी है। प्रभावित लोग खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली के हैं। नाव में खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली व गोर्रा तथा रायगढ़ ब्लॉक के कोतरलिया और छपोरा के लोग सवार थे। मृतक महिला अंजोरीपाली की थी। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षित बचाए गए लोगों के स्वास्थ्य जांच और रात में ही उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था करने को कहा। महानदी नाव दुर्घटना से सुरक्षित बचाए गए 50 लोगों को बस से वापस उनके गांव रवाना किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन की टीम भी दुर्घटना में बचे लोगों के साथ रवाना हुई। तहसीलदार खरसिया को ग्रामीणों के साथ भेजा गया है। बस रवाना किए ग्रामीणों में 43 अंजोरीपाली और 7 कोतरलिया के हैं।

# यात्री के बैग से मिले 6.84 लाख नगद

## प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की लगातार चेकिंग अभियान

**रायपुर (ए.)।** रायपुर रेलवे स्टेशन में आरपीएफ की टीम ने एक यात्री के बैग से करीब 6.84 लाख रुपए का कैश बरामद किया है। बरामद कैश को लोकसभा चुनाव उड़नदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी को कागजी कार्रवाई के बाद हेंडओवर किया है।

मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे स्टेशन रायपुर में सीआईबी (डी.विंग) रायपुर के उपनिरी. बीआर साहू, सउनि एसके राठौर, प्रआ सीएमकेबी दुबे व आ. एनके महाणा द्वारा रायपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म एवं ट्रेनों में चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नं. 1 दुर्ग छोर में समय करीबन 11.10 बजे गाड़ी संख्या 12069 (जनशताब्दी एक्सप्रेस) से उतरकर एक व्यक्ति संदिग्धावस्था में जा रहा था। उक्त व्यक्ति को रोककर नाम पता पूछने पर नरेन्द्र शर्मा पिता घनश्याम शर्मा, 44 वर्ष, निवासी-बलभद्र वार्ड भाटापारा थाना-भाटापारा शहरी जिला-बलोदाबाजार बताया तथा उसके पास रखे थैला के बारे में पूछने पर उसने बैग में नगद रकम है। नगदी रकम ले जाने के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद उक्त जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए आदेशानुसार लोकसभा चुनाव उड़नदस्ता दल (उत्तर) रायपुर नगर को फोन द्वारा दी गयी। उड़नदस्ता टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त बैग को उपस्थित गवाहों के समक्ष खुलवाकर चेक करने पर उसमें 500 के 1103 नोट कुल 5,51,500 रुपये, 200 के 633 नोट कुल 1,26,600 रुपये तथा 100 के 63 नोट कुल 6300 रुपये के नोटों का बंडल कुल रुपये 6 लाख 84 हजार चार सौ रुपए पाया गया। जिसे मौके पर लोकसभा चुनाव उड़नदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी, रायपुर नगर उत्तर द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर अपने कब्जे में लिया गया।




### कार से 11 लाख बरामद

**सक्ती।** जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की चेकिंग के दौरान एफएसटी की टीम ने एक व्यापारी की कार से साढ़े 11 लाख रुपए बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के बॉर्डर एरिया में स्थापित एफसटी चेक प्वाइंट में कार की तलाशी ली जा रही थी इसी दौरान वहां से गुजर रही एक कार को रोका गया। पूछताछ में कार सवार ने अपना नाम अनूप कुमार अग्रवाल बताया तथा खुद को चांपा का व्यापारी होना तथा रायगढ़ जाना बताया। जिसके बाद टीम द्वारा कार की जांच की गई तो कार की सीट के नीचे एक बैग मिला जिसकी जांच करने पर बैग से साढ़े 11 लाख रुपए नगद पाए गए। अधिकारियों ने रुपए के संबंध में कागजात मांगे मगर मौके पर व्यापारी के पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं थे। जिसके चलते एफएसटी अधिकारियों ने रुपए जब्त कर आयकर विभाग को सौंप दिया है।

# पत्नी के रहते नाबालिग को पत्नी बना लाया पति

### भेजा गया जेल

**गरियाबंद (ए.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के अधिकारी को दूरभाष से सूचना प्राप्त हुई, कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के एक गांव में एक शादीशुदा पुरूष के द्वारा अपनी पहली पत्नी के रहते हुए गांव के ही एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर एवं भगा कर अपने घर में पत्नी बनाकर रखा हुआ था।

15 अप्रैल को तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज सत्यापन किया गया। जिसमें बालिका की आयु 17 वर्ष 03 माह होना पाया गया। पीड़िता पत्नी एवं नाबालिग बालिका के विषय की जानकारी अमलीपदर थाने में दी गई। आरोपी पति के विरुद्ध थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया। वर्तमान में आरोपी पति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुये पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया हैं। टीम द्वारा पीड़िता पत्नी, आरोपी पति एवं नाबालिग बालिका व स्थानीय लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 से अवगत कराया गया कि विवाह हेतु वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।



निर्धारित आयु से कम आयु के महिला एवं पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते हैं। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। इसी के साथ ही एक पत्नी के रहते हुये बिना उसके अनुमति एवं तलाक के दूसरी पत्नी को रखना कानूनी अपराध है। 18 वर्ष से कम आयु की किसी भी लड़की को भगाकर घर में पत्नी बनाकर रखना पॉक्सो एक्ट के तहत कानूनन अपराध है।

# हाथियों का आतंक: खेत जा रहे किसान को कुचलकर उतारा मौत के घाट

### गांव में दहशत का माहौल

**रायगढ़ (श्रीकंप)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में हाथी के हमले से खेत पर जा रहे एक बुजुर्ग ग्रामीण की मौत हो गई। घटना छाल थाना क्षेत्र की है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खर्रा निवासी किसान कृषक जनक राम साहू अपने खेत पर शनिवार की सुबह पांच बजे जा रहे थे। इसी दौरान हाथी से उनका सामना हो गया और फिर हाथी ने हमला कर दिया।

हमले से बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। हाथी के हमले से बुजुर्ग किसान की मौत की जानकारी मिलते ही गांव में दहशत का माहौल है। जिसके बाद वन विभाग और छाल थाने की पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार हाथियों के मूवमेंट पर ड्रोन कैमरे के जरिये निगरानी रखी जा रही है। हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने की लगातार अपील की जाती रही है। ताकि उनके क्षेत्र में हाथी के हमले से किसी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। इसके बावजूद इस तरह की घटना सामने आते रहती है।

# पटवारी से बदसलूकी: चार आरोपी हुए गिरफ्तार

### चाबी व मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकी दी

**बिलासपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के न्यायधानी में एक पटवारी के साथ बदसलूकी करना चार लोगों को भारी पड़ गया। दरअसल, जमीन का नापजोख करने गए पटवारी को आरोपियों ने घेर लिया। वहीं कार की चाबी और मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि दोबारा गांव में नजर नहीं आना।

कोटा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार उसलापुर निवासी तरूण कुमार साहू पिता केएन साहू (36 वर्ष) कोटा क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में पटवारी है। तहसीलदार कोटा के आदेश पर पटवारी गांव में रहने वाले भगवान सिंह पिता नारायण सिंह की 1.805 एकड़ जमीन का निरीक्षण करने गया था।

इस दौरान उसके साथ गांव के 2 कोटवार तीजलाल पाटले और गुलाब दास मानिकपुरी भी थेड्ड। जमीन के निरीक्षण के दौरान गांव में रहने वाला रामकुमार पिता सुखनंद अनंत (45 वर्ष), उसकी पत्नी आरती अनंत (40 वर्ष), भागवत चतुर्वेदी पिता भोलाराम (42 वर्ष) और महेश गैरे पिता बाबूलाल (40 वर्ष) मौके पर पहुंची। जमीन नापने की बात को लेकर सभी पटवारी से गाली-गलौच करने लगे। वहीं आरोपियों ने पटवारी के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी । इसपर पटवारी ने अपना कार्य बीच में रोक दिया। वहीं पंचनामा की कार्रवाई करने लगा। एक बार फिर आरोपी पटवारी से अभद्र व्यवहार करने लगे। यह देखकर पटवारी कार क्रमांक सीजी 10 बीपी 9988 में दो कोटवार के साथ बैठकर मौके से जाने लगा ।

यह देखकर आरोपी कार के सामने आ गए और दरवाजा तोड़ने की कोशिश करने लगे । पटवारी कार के बाहर आ गया। आरोपियों ने उससे चाबी और मोबाइल छीन लिया। पटवारी के कार की चाबी व मोबाइल वापस मांगने पर आरोपियों ने दोबारा गांव में नहीं आने, कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। चाबी व मोबाइल वापस लेकर किसी तरह पटवारी मौके से रवाना हुआ। कोटा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

परिजनों से लेकर घर परिवार में शोक की लहर छा गई

# शहीद जवान को दी गई श्रद्धांजलि, गॉड ऑफ ऑनर के साथ दी विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** धोबीगुड़ा के जिस घर में रहकर आरक्षक देवेंद्र सेठिया के आने पर आसपास के साथ ही लोगों में खुशी की लहर देखी जाती थी। आज उसी घर में शनिवार की सुबह जैसे ही आरक्षक देवेंद्र का पार्थिव शरीर पहुंचा तो सभी की आंखे नम हो गई। हर कोई आखरी बार देवेंद्र को देखना चाह रहा था। हर कोई उससे बात करने की कोशिश कर रहा था। कुछ माह पहले जब दियारी त्योहार मना कर जा रहा था, तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि इसे आखिरी बार देख रहे है। हमेशा हंसते मुस्कुराते आने वाला देवेंद्र घर के साथ ही पूरे गांव के लोगों में आंसू देकर जाएगा।



शुक्रवार को हुए हादसे में देवेंद्र ने अपनी जान गवां दी थी, जिसके बाद शुक्रवार को मेडिकल कालेज डिमरापाल में जवान के पीएम होने के बाद शनिवार की सुबह नया बस स्टैंड 80 बटालियन सीआरपीएफ में जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जहां सीआरपीएफ के आला अधिकारियों से लेकर बस्तर रेंज आईजी पी सुंदरराज भी मौजूद थे, जहां जवान को श्रद्धांजलि देने के बाद उसके पार्थिव शरीर को गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम गलगम में सीआरपीएफ की पार्टी एरिया डोमिनेशन के लिए निकली थी। इसी दौरान यूबीजीएल ब्लास्ट होने से कांस्टेबल देवेंद्र के पैर, कमर और हाथ मे गंभीर चोट आई, जिसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेकाज हेलिकॉप्टर की मदद से भेजा गया। मेकाज पहुंचने से पहले देवेंद्र सेठिया शहीद हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों से लेकर घर परिवार में शोक की लहर छा गई। वहीं जवान के पार्थिव शरीर को मेकाज में रखवाया गया है।

### मां को नहीं हो रहा विश्वास नहीं रहा देवेंद्र

शहीद जवान देवेंद्र सेठिया का पार्थिव शरीर जैसे ही गृहग्राम पहुंचा तो वैसे ही उसकी मां अपने शहीद बेटे को देखने आ पहुंची। मां को अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि दो माह पहले जिस बेटे को खुशी-खुशी अपनी ड्यूटी पर जाने दिया था। अब उससे दोबारा कभी नहीं देख पाएगी, ना ही उसकी आवाज सुन पाएगी। जवान की शहादत की खबर का पता चलते ही गांव मे शोक की लहर छा गई।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### अफसर बनने के लिए उत्साह नहीं, 1 हजार से कम ने किया आवेदन

**भिलाई।** बीएसपी में इस बार अफसर बनने के लिए ई जीरो परीक्षा को लेकर कर्मचारियों में पहले जैसा उत्साह देखने को नहीं मिला। 14 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक परीक्षा के लिए एक हजार से भी कम आवेदन मिले हैं। जिसके बाद स्क्रूटनी की प्रक्रिया चल रही है। वर्ष 2022 के बाद ई जीरो की परीक्षा 2024 में होने जा रही है। इसके लिए सेल प्रबंधन ने सिलेबस पहले ही जारी कर दिया है। 5 अप्रैल से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। मुख्य रूप से एस-6 ग्रेड के बाद टेक्निकल ग्रेज्युएशन, काम के दौरान मिलने वाली सजा, तीन साल तक ओ, ए और बी ग्रेड मिलने जैसे मानकों की जांच की जा रही है। आवेदनों की स्क्रूटने के बाद पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें आगामी दिनों में आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने बाल वैज्ञानिकों को किया पुरस्कृत

**भिलाई।** बाल विज्ञान कांग्रेस की दुर्ग जिले की जिला संयोजक श्रीमती सपना सोनी के नेतृत्व में जिले के वे बाल वैज्ञानिक जिनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 के लिए हुआ है, ने आज दुर्ग जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अरविंन्द मिश्रा से भेंट की। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल भिलाई के बाल वैज्ञानिक जसराज सिंह सिंधु और प्रियांश भादूडी को जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र एवं छत्तीसगढ़ काऊंसिल आफ साईस एवं टेक्नालाजी की ओर से प्राप्त नगद पुरस्कार प्रदान किया। गौरतलब है कि इन विद्यार्थियों ने मत्स्य पालकों की सहायता के लिए एक ऐसी मशीन बनाई है जो खेत की सारी जानकारी मोबाईल पर दुनिया में कहीं भी पहुंचाती है और कहीं से भी नियंत्रित की जा सकती है। इन बाल वैज्ञानिकों ने शाला के विज्ञान शिक्षक अजय शर्मा के मार्ग दर्शन में यह कार्य किया। शाला के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित बाल वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने किया भाजपा पर कड़ा प्रहार

**दुर्ग।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने आज दुर्ग में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा पर तीखे हमले किये। राधिका ने कहा कि पूरे देश हो रहे लोकसभा चुनाव किसी को जिताने या हराने के लिए नहीं है। ये चुनाव लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद अलग-अलग जगहों से लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हमें 400 पार सीटें जीतनी हैं, क्योंकि हमें संविधान बदलना है। राधिका खेड़ा ने कहा कि ये लड़ाई केवल जीत या हार तक सीमित नहीं है। ये चुनावी लड़ाई हर युवा, महिला, बुजुर्ग, किसान, खिलाड़ी सहित हर वर्ग की लड़ाई है। ये लड़ाई है भारत को उसकी भारतीयता बचाने के लिए। लड़ाई है उस गौरव को बचाने की, जो हमें हमारे पूर्वजों ने दिया है। एक तरफ़ संविधान के रक्षक हैं और दूसरी ओर संविधान के हत्यारे हैं। लाखों क्रांतिकारियों की शहादत से हमारा देश आजाद हुआ। संविधान से हमें समानता का अधिकार मिला और अब ये लड़ाई उस लोकतंत्र को बचाने की हो रही है। राधिका खेड़ा ने कहा कि आरक्षण हटाने, सब कुछ अडानी-अंबानी को बेच देने और कोई सवाल ना कर सके, इसलिए संविधान को बदलने की बात बीजेपी नेता कर रहे हैं। लगातार विपक्ष के नेताओं के यहाँ पहले रेड पड़ती है। फिर उन्हें पूरी तरीके से बदनाम कर दिया जाता है।

### व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्ठी ने ली व्यय संबंधित टीम की बैठक

# निर्वाचन व्यय की सतत मॉनिटरिंग एवं रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्ठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा टीम की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी सम्मलित हुई। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाये।जिले के विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, पाटन, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है।



बैठक में व्यय प्रेक्षक प्रसन्नाने निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी ली।

उन्होंने आचार संहिता के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी के व्यय अनुवीक्षण के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए गठित टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। व्यय कार्यों के लिए गठित टीम व्यय के रिकार्ड मेंटेन करते हुए डेली रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।एसएसटी, एफ़एसटी, वीवीटी और वीएसटी की टीम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली।

व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्ठी ने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय की लगातार निगरानी करेंगे और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपेडिंचर सीजर मानिटरिंग सिस्टम पर ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। व्यय अनुवीक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए टीम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। श्री प्रसन्ना ने कहा कि व्यय संबंधी टीम के सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे अपने सीनियर अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।साथ ही उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षकों को विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर निगरानी करने को कहा। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल तथा निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर अलर्ट रहें। व्यय प्रेक्षक ने गत विधानसभा निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान व्यय लेखा संबंधी कोई समस्या न रहे इस दिशा में सभी को कार्य करना है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नामांकन के अंतिम दिन 8 अभ्यर्थियों ने किये नामांकन पत्र जमा

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 8 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किये। जिसमें शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, भागबली सिवारे निर्दलीय, संतोष कुमार मारकण्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी निर्दलीय, हरिशचंद ठाकुर निर्दलीय, मनोज ध्रुव छत्तीसगढ़ विकास गंगा पार्टी और प्रदीप टाईटस इंडिया प्रजाबंधु पार्टी शामिल है। अब तक 27 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये।

## कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने नवागढ़ क्षेत्र में जनसंपर्क किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा जिले में जनसंपर्क दौरा किया। बेमेतरा जिले के केंद्रीय कार्यालय की महत्वपूर्ण बैठक में राजेंद्र साहू ने उपस्थित वरिष्ठजनों से विचार विमर्श कर चुनावी रणनीति तय की। इस दौरान पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल, पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे, भिलाई की पूर्व महापौर नीता लोधी, सुरेंद्र तिवारी, विजय बघेल, शत्रुहन साहू, तिलक घोष, सुशीला जोशी, रामेश्वर साहू, रामबिहारी, अनीता पात्रे, शक्तिधर दीवान, राकेश जायसवाल, देवेंद्र साहू, अंजलि मार्कंडेय, नेमा निषाद, प्यारे साहू, वीरेंद्र साहू, दिनेश बघेल, लव राजपूत, लखन कुर्रे, बंशी ठाकुर, नरेश कुर्रे, द्वारिका सोनवानी, मुरारी साहू, अरमान साहू, रामाधार पाल उपस्थित रहे।

राजेंद्र साहू ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई गांवों का दौरा करते हुए जनसंपर्क किया। विधानसभा क्षेत्र के गांव चारभाठा, ढोलिया, मंजगांव, पंडरभट्टा, पेंड्रीतराई, नरी, मुलमुला, भनसुली, नवागांव, जोगीदीप केसला, कटई, बदनारा, भदराली, मल्दा, मगरघटा, तरपोंगी, नांदघाट में ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात के दौरान उन्होंने कांग्रेस को वोट और समर्थन देने की अपील की। नवागढ़ में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भी किया गया। नवागढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजेंद्र साहू ने कहा कि पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। केंद्र की भाजपा सरकार बीते दस साल में हर मामले में फेल हो गई। न महंगाई कम हुई, न बेरोजगारी दूर हुई। झूठे वादे कर सत्ता संभालने वाली भाजपा ने देशवासियों के साथ वादाखिलाफी की। विदेश से काला धन लाने, हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख देने, किसानों की आय दोगुना करने जैसे कई वादे किये गए थे।

## भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन के तीसरे सेट के साथ जमा हुआ बी फार्म

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन के तीसरे सेट के साथ बी फार्म जमा किया गया। इस दौरान सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल, सुरेन्द्र कौशिक, लोकसभा चुनाव निर्वाचन अभिकर्ता सौरभ चौबे, राजा ठाकुर, रितेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव के तहत आज नामांकन जमा करने का अंतिम दिन था। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के नामांकन के तीसरे सेट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रस्तावक-समर्थक बने। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, मातृत्व योजना, विश्वकर्मा योजना व महतारी वंदन योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

सविता यादव, मिथिला,ठाकुर, नेमिन देवांगन, दुर्पति साहू, टेशू वैष्णव, मंजू मंगराज, नेमिन देवांगन प्रमुख रहे। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओ के कारण जीवन में आए बदलाव व खुशहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए फिर से मोदी सरकार बनाने और दुर्ग से विजय बघेल को अपना आशीर्वाद देने की बात कही।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने नेशनल युवा उत्सव के विजेता अभिषेक शर्मा को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग की नेषनल युवा उत्सव 2024 की टीम के प्रतिभागी श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई के बीए अंतिम वर्ष का छात्र अभिषेक शर्मा को विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप एवं अन्य अधिकारियों ने सम्मानित किया।

यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि अभिषेक शर्मा ने सर्वप्रथम विष्वविद्यालय की टीम की ओर से मैसूर में आयोजित साउथ ईस्ट जोनल स्तरीय युवा उत्सव 2024 में हिस्सा लेते हुए कोलाज मेकिंग तथा ऑन द स्पॉट पेंटिंग में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए नेषनल युवा उत्सव 2024 में भाग लेने की पात्रता हांसिल की थी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पंजाब कृषि विष्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित नेशनल युवा उत्सव में अभिषेक ने देष के विभिन्न 62 विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों के मध्य पोट्रेट बनाते हुए कोलाज मेकिंग में तृतीय तथा ऑन द स्पॉट पेंटिंग में पूरे देष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अब अभिषेक दक्षिण पूर्व एषियाई युवा उत्सव 2024 में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। आज विष्वविद्यालय में अभिषेक को लुधियाना में प्राप्त सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मैडल तथा ट्रॉफी भेंट करते हुए कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने कहा कि अभिषेक की उपलब्धि पर समूचे विष्वविद्यालय परिवार को गर्व है विष्वविद्यालय की कार्यपरिषद् के निर्णय अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने हेतु विष्वविद्यालय अभिषेक को दस हजार रूपये नगद पुरस्कार से एक समारोह में सम्मानित करेगा। अभिषेक के साथ टीम मैनेजर के रूप में श्री श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी के सहायक प्राध्यापम डॉ. अनिल मेनन लुधियाना गये थे।

इससे पूर्व भी गत वर्ष आयोजित युवा उत्सव में अभिषेक शर्मा ने जोनल स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया था।

## फ्रेंडली फुटबॉल मैंच खेल कर दिया मतदान करने का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** जिलाधीश ऋचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर सेक्टर 2 फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत खेले गए फ्रेंडली फुटबॉल मैच का शुभारंभ किये। रोमांचक मैच में आईजी, एसपी, भिलाई व दुर्ग निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ को मैदान में सधे हुए खिलाड़ियों की तरह खेलता देख दर्शको ने तालिया से उनका उत्साह वर्धन करते रहे । मैच के समाप्ति पर कलेक्टर ने टीम के कप्तान तथा सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया ।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम भिलाई के सहयोग से सेक्टर 2 राजेश पटेल स्मृति फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय फ्रेंडली फुटबॉल मैच मतदान के नाम खेला गया। मैच का शुभारंभ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर किए। इसके पूर्व उन्होंने मैदान के बीच में कतार में खड़े भिलाई निगम अधिकारी इलेवन एवं जिला प्रशासन अधिकारी इलेवन के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस किए । 20 मिनट तक मैदान में फुटबॉल लेकर दोनों टीम एक दूसरे को छकाते रहे और पहला गोल जिला प्रशासन की टीम ने किया तो मैदान के चारों ओर बैठे दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहर्वधन किए। मैच में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, आयुक्त निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मैदान में जिस तरह से खेल रहे थे उसे देख कर दर्शक दिर्धा में बैठे अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिको ने प्रशंसा में ताली बजा कर खिलाडियों को प्रोत्साहित किये । दूसरा मैच बीएमवाय चरौदा एवं अधिकारी इलेवन के बीच खेला गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग दुर्ग के कोच तथा रेफरी , जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहे। मैदान के चारो ओर युवा खिलाडी तथा बच्चे मतदाता जागरूकता अभियान के बैनर पोस्टर दिखा कर 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते रहे।

## बीएसपी के कर्मचारियों ने जेसीएसएसआई द्वारा वार्षिक सुरक्षा पर आयोजित प्रतियोगिता में जीते 12 पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्तर पर इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए गठित संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) द्वारा आयोजित, वार्षिक प्रतियोगिता में सुरक्षा पर आधारित कैलेण्डर डिजाइन, पोस्टर तथा निबंध के विजेताओं को कार्यकारी कार्यपालक निदेशक पी के सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह कार्यपालक निदेशक कॉन्फ्रेंस हॉल में 19 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने 31 में से 12 पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक पी आर भल्ला और महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने भी विजेताओं को सम्मानित किया।

पी के सरकार ने अपने उद्बोधन में सुरक्षा पर आधारित जेसीएसएसआई की वार्षिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना ही इस्पात उद्योग में सुरक्षित उत्पादन की कुंजी है। जब हमारे संयंत्र के कर्मचारी सुरक्षा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और जीतते हैं, तो यह न केवल संगठन को गौरवान्वित करता है बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरित करता है। विजेताओं को अपने साथियों को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। श्री पी के सरकार ने विजेताओं से बातचीत की और उनके सुझाव भी नोट किये। पी आर भल्ला ने अपने संबोधन में विजेताओं को बधाई देते हुए, उनसे अपने कार्यस्थल और संयंत्र के आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के लिए रोल मॉडल बनने की अपील की। इस अवसर पर संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग (एसईडी) के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने 31 में से 12 पुरस्कार प्राप्त किया। इन विजेताओं में एसीटी प्रभु चरण जेना, सीनियर टेक्नीशियन प्रकाश कुमार कौशिक, एम लोको ऑपेरटर उमाकांत ठाकुर, सहायक महाप्रबंधक जया तिवारी, ओसीटी रंजन गोस्वामी, सीनियर ओसीटी रश्मि नायक, मास्टर ओसीटी सुशांत बुलदेव, सीनियर लोको ऑपेरटर हरीश कुमार गोंड, एसीटी प्रभु चरण जेना, सीनियर टेक्नीशियन प्रकाश कुमार कौशिक, ओसीटी प्रियंका राज गुप्ता, ओसीटी सतीश कुमार भारद्वाज शामिल है। इस संदर्भ में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों व अधिकारियों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी। पुरस्कार विजेताओं ने अपनी प्रविष्टियां मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा) के माध्यम से एसएसओ कार्यालय, रांची में भेजी, जहां उनका मूल्यांकन किया गया और विजेता घोषित किया गया। जेसीएसएसआई (जॉइंट कमिटी ऑन सेफ्टी, हेल्थ एंड एनवॉयरमेंट इन् स्टील इंडस्ट्री) भारत में इस्पात उद्योगों में सुरक्षा सुधार के उद्देश्य से श्रमिकों और अधिकारियों को एक संयुक्त मंच प्रदान करता है। जिसमें सेल की सभी इकाइयाँ और टाटा सहित निजी इस्पात उद्योग भी सम्मिलित हैं। कैलेंडर,पोस्टर डिजाइन व निबंध प्रतियोगिता का उद्देश्य, सदस्य संगठनों के कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष और कनिष्ठ अधिकारी जनार्दन राव द्वारा किया गया।

इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई), जिसे पहले श्इस्पात उद्योग के लिए सुरक्षा पर स्थायी समिति (एससीएसएसआई) के नाम से जाना जाता था, मानव संसाधन की सुरक्षा के प्राथमिक उद्देश्य के साथ 27 अप्रैल 1973 को अस्तित्व में आई थी। इस्पात उद्योग में संभावित खतरों के खिलाफ़ यह सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की इस्पात कंपनियों के प्रबंधन और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों का एक अनूठा राष्ट्रीय स्तर का मंच है।

## साइंस कॉलेज की एनएसएस इकाई ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता अभियान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई ने चुनाव का पर्व देश का गर्व मनाते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्धिकी के मार्गदर्शन एवं एन.एस.एस. अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान के नेतृत्व में एन.एस.एस. के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में मतदान जागरूकता कार्यक्रम अभियान आयोजित किया। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्धिकी द्वारा मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जागरुकता हेतु शपथ दिलाई गई। उसके पश्चात् एनएसएस स्वयं सेवकों ने एक मतदान जागरुकता संबंधी शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसकी सभी प्राध्यापकों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जगजीत कौर सलूजा, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ. अश्वनी महाजन, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. प्रतिभा शर्मा, लक्ष्मेंद्र कुलदीप, प्रशांत दुबे, मुख्य लिपिक संजय यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत एक, रागिनी साहू, मिनेश यादव, भावना देषमुख, पूजा, श्रेया, द्रविड़ देषमुख, दीपांकर साय, दामिनी, भावना धृतलहरे एवं महेष का महत्वपूर्ण का योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950